ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 22 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 229 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कैटरीना ने मुझे 'उरी' में पसंद किया, मुझे वह ... पेज 12 पर



## ईडी के समन के खिलाफ सीएम आज जा सकते हैं हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को ईडी के समन के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते हैं। हेमंत सोरेन से 23 सितंबर को ईडी के रांची स्थित जोन कार्यालय में जमीन घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ होनी है। हालांकि, ईडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया और हाईकोर्ट में ले जाने को कहा था। हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि ईडी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है। समन को स्थगित करने और पीड़क कार्रवाई नहीं करने को लेकर याचिका दायर कर सकते है। अब यदि हाईकोर्ट से भी अगर राहत नही मिली तो मुख्यमंत्री की मुश्किल बढ़ सकती है।

इस घोटाले में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन, विष्णु अग्रवाल सहित 13 आरोपित जेल में बंद हैं। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने सोरेन को पहली बार 24 अगस्त को पूछताछ के लिए समन भेजा था लेकिन सोरेन ने इसके जवाब में पत्र भेजकर समन को गैरकानूनी बताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही थी। हेमंत सोरेन से ईडी ने पिछले साल 17 नवंबर को करीब 9 घंटे तक पूछताछ की थी। आरोप है कि रक्षा मंत्रालय की जमीन को माफिया, बिचौलियों और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### सबको उनका अधिकार मिलना चाहिए : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने गुरुवार को नई दिल्ली में पत्रकारों के साथ बातचीत में महिला आरक्षण बिल पर कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे को पूरा देश जान रहा है। उन्होंने झामुमो सांसद महुआ माजी द्वारा ओबीसी को भी आरक्षण दिये जाने की बात संसद में उठाये जाने पर कहा कि सबको अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के बारे में कहा कि कुछ निजी भी है और कुछ आधिकारिक भी है। हेमंत सोरेन गुरुवार को सबसे पहले अपने पिता शिबू सोरेन के आवास पर जाकर उनकी तबीयत की जानकारी ली। चिकित्सकों से भी बातचीत कर हालात जाना। बताया गया कि सीएम इसके बाद दिल्ली में कुछ विधि विशेषज्ञों से भी राय ले रहे हैं। ईडी द्वारा उन्हें चौथा समन भेजा गया है। 23 सितंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मुख्यमंत्री ने ईडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाई कोर्ट जाने की सलाह दी है। इसी दौरान ईडी द्वारा उन्हें चौथा समन भेज दिया गया, मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर विधि विशेषज्ञों से मिल उनकी राय ले रहे हैं।

## 'चंद्रयान-3' के विक्रम लैंडर-प्रज्ञान रोवर को कल किया जाएगा एक्टिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंद्रमा की सतह पर निष्क्रिय किए गए चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को शनिवार को एक बार फिर से सक्रिय किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 23 सितंबर को इन दोनों को फिर से सक्रिय करने की योजना बनाई है। चंद्रमा में सूर्यास्त के कारण तीन सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में भेज दिया गया था। इससे पहले प्रज्ञान रोवर को बैटरी डिस्चार्ज होने के कारण स्लीप मोड में भेज दिया गया था।



इसरो के निदेशक नीलेश देसाई ने गुरुवार को बताया कि चंद्रमा पर 20 सितंबर से सूर्योदय शुरू हो गया है। इसलिए अब चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को एक बार फिर सक्रिय किया जाएगा। उससे लैंडर और रोवर में मौजूद सोलर पैनल रिचार्ज हो जाएंगे। तीन सितंबर से दोनों ही स्लीप मोड में रखे गए थे। उन्होंने बताया कि योजना के अनुसार 23 सितंबर को रोवर और लैंडर को पुनर्जीवित किया जाएगा। इसके साथ इस बात पर भी विचार किया जा रहा है कि यह रात में -120 से -200 डिग्री के तापमान को कितना झेल सकता है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि हमारे पास ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### NEWS इन ब्रीफ

#### ईडी के गवाहों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के गवाहों अशोक यादव और मुकेश यादव के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश विजय हांसदा द्वारा उक्त दोनों के खिलाफ एसटी-एससी एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर के खिलाफ दायर की गई याचिका पर हाई कोर्ट ने दिया। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में गुरुवार को अशोक यादव और मुकेश यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई, ईडी और झारखंड सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट की अधिवक्ता ऋतु कुमार ने बहस की। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

#### सहायक अभियंता के खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ाये 2.24 लाख

**दुमका।** जिले के रानीश्वर में मनरेगा के सहायक अभियंता कचल मार्तंड के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने 2.24 लाख उड़ा लिए। रसिकपुर निवासी अभियंता ने गुरुवार को नगर थाना में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। सहायक अभियंता ने बताया कि रसिकपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में उनका खाता है। 12 सितंबर को एटीएम पिन जनरेट करने के बाद एटीएम में जाकर बैलेंस चेक किया तो पता चला कि खाते में मात्र 30 रुपए है। जब इस संबंध में बैंक जाकर स्टेटमेंट निकाला तो पता चला कि आठ से दस अगस्त के बीच उनके बैंक खाते से 2.24 लाख रुपए की निकासी कर ली गई है, जबकि निकासी के संबंध में उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं है ना ही किसी ने उनसे बैंक संबंधी कोई जानकारी मांगी।

#### माल-पहाड़िया जनजाति की कम उम्र पर शोध करेगा रिम्स

**रांची।** रिम्स का पीएसएम विभाग सुदूरवर्ती संथाल के इलाके में रहने वाली माल-पहाड़िया जनजाति के लोगों की औसत उम्र कम क्यों है, इस पर रिसर्च करेगा। रिसर्च के लिए निकाली गई पांच पदों पर नियुक्ति के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। स्वीडन की सामी जनजाति की औसत आयु 83 साल होती है जबकि माल-पहाड़िया की आयु 60 वर्ष से भी कम है। इस पर रिम्स शोध करेगा। इसमें माल पहाड़िया जनजाति के रहन-सहन, खानपान पर शोध होगा। यह पता लगाया जाएगा कि आखिर क्या वजह है कि झारखंड की माल-पहाड़िया जनजाति की औसत आयु सीमा यूरोप के स्वीडन की सामी जनजाति से कम है। शोध में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (कंसलटेंट) के लिए सेसिल हेम्ब्रम, न्यूट्रीशनिस्ट (कंसलटेंट) के लिए ममता कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए फारूक अंसारी, प्रोजेक्ट अस्सिटेंट-'' (मल्टीटास्किंग) के लिए चिंटू कुमार मोदक, प्रोजेक्ट अस्सिटेंट-' (मल्टीटास्किंग) के लिए विजय कुमार और अकाउंट्स सपोर्ट प्रोजेक्ट अस्सिटेंट-'' के लिए ब्रजेश कुमार हेम्ब्रम का चयन किया गया है।

# महिला आरक्षण बिल पास

### पक्ष में 215 वोट पड़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास हो गया। वहीं, विपक्ष द्वारा लाए गए सभी संशोधन गिर गए। बिल के समर्थन में 215 वोट पड़े, किसी भी सदस्य ने बिल का विरोध नहीं किया। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर करीब 10 घंटे तक चर्चा चली। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा, हम बिल लटकाने, भटकाने के लिए नहीं लाए हैं। यह बिल लागू होकर रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा, मोदी है तो मुमकिन है। इससे पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, कानून को 2029 के बाद लागू करने की बजाय अभी से लागू कीजिए। ये महिलाओं के साथ धोखा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले कहा गया 15 लाख खाते में आएंगे। 2 करोड़ लोगों को नौकरी मिलेगी। लेकिन बाद में अमित शाह कहते हैं कि यह तो चुनावी जुमला है। उन्होंने कहा कि जनगणना के बाद डिलिमिटेशन के बाद महिला आरक्षण बिल लागू करने में कई साल लग जाएंगे। यह महिलाओं के लिए लॉलीपॉप है।



वहीं, महिला आरक्षण के लिए भारतीय जनता पार्टी के सदैव प्रतिबद्ध होने का दावा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं के मामले में कोई राजनीति नहीं करती। वित्त मंत्री सीतारमण ने 'संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023' पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस विधेयक का मसौदा बहुत सोच-समझकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में 33 प्रतिशत आरक्षण का जमीनी स्तर पर बहुत अच्छा परिणाम देखने को मिला तथा कई राज्यों में यह बढ़कर पचास प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक काफी समय से प्रतीक्षित था। उन्होंने विधेयक को लाने में वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार के शासन में नौ वर्ष लग जाने के विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि इसको लेकर आम सहमति बनाये जाने की जरूरत है। सीतारमण ने राज्यसभा एवं राज्यों की विधान परिषद में महिलाओं के लिए आरक्षण की कई सदस्यों की मांग पर कहा कि परोक्ष मतदान में आरक्षण प्रावधान लागू करना व्यावहारिक रूप से काफी कठिन होता है। उन्होंने कहा कि जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात ही महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित हो पाएंगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक कानून बनने के बाद पंद्रह वर्ष तक प्रभावी रहेगा।

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण के प्रावधान वाला संविधान संशोधन विधेयक यदि आज संसद से पारित हो जाता है तो 2029 में लोकसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं की मौजूदगी सुनिश्चित हो जाएगी। राज्यसभा में 'संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए नड्डा ने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करने की खातिर केंद्र सरकार ने जो रास्ता चुना है, वह सबसे छोटा और सही रास्ता है। उन्होंने कहा, हम यह मानते हैं कि आज अगर यह विधेयक पारित करते हैं तो 2029 में 33 प्रतिशत महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। यह बात पक्की है।''

विपक्षी दलों द्वारा इस विधेयक को अभी लागू किए जाने की मांग का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि कुछ संवैधानिक व्यवस्थाएं होती हैं और सरकारों को संवैधानिक तरीके से काम करना होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दो चीजें आवश्यक हैं, पहला, जनगणना और फिर न्यायिक निकाय के माध्यम से जन सुनवाई। उन्होंने कहा, सीट निकाली जाए, नंबर निकाला जाए और उसको निकालने के बाद आगे बढ़ा जाए।'' उन्होंने कहा, आखिर हमें महिलाओं को आरक्षण मुहैया कराना है। किस सीट पर उन्हें आरक्षण मिले, किस सीट पर ना मिले, इसका फैसला कौन करेगा? इसका फैसला सरकार नहीं कर सकती है। यह फैसला एक न्यायिक निकाय करता है। उसका गठन करना होता है।'' उन्होंने कहा, यही एकमात्र तरीका है और यही सबसे छोटा तरीका भी है, यही सबसे सटीक तरीका भी है, जिस पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।''

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, मैं सरकार में हूं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में अगले दो दिनों तक होगी बारिश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इस दौरान कुछ इलाकों पर भारी बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक 23 सितंबर तक राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होगी। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि झारखंड में बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर देखने को मिल रहा है। इसके साथ मानसून टर्फ लाइन डाल्टेनगंज और जमशेदपुर के ऊपर से होकर गुजरने से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो रही है। अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दबाव का जो क्षेत्र था, उसके गंभीर होने के कारण कई हिस्सों में बारिश हो रही है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा मानसून टर्फ जमशेदपुर होकर गुजरने के वजह से भी विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश हो रही है। अगले दो दिन इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। 23 सितंबर तक राज्य में कई स्थानों पर हल्के बादल छाए रहेंगे और बारिश होने की संभावना है। इस दौरान रांची और आसपास के क्षेत्रों में भी बादल छाए रहेंगे। हल्की और मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। पिछले 24 घंटों में खूंटी में सबसे अधिक बारिश 56.0 मिमी हुई। सिमडेगा में 34.2 मिमी, तोरपा में 45.0 मिमी, पूर्वी सिंहभूम में 25.0 मिमी, रामगढ़ में 18.5 मिमी, रांची में 17.6 मिमी, धनबाद में 18.2 मिमी, जामताड़ा में 13.8 मिमी मध्यम दर्जे की बारिश हुई। एक जून से अबतक राज्य में 614.0 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य वर्षापात ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विधानसभा ने हाईकोर्ट को बताया

## तीन राज्यों में हैं नमाज के लिए अलग कक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि छह राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्ष पर मंतव्य आया है। इनमें से तीन राज्यों ने कहा है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज का कक्ष है। विधानसभा को यह भी बताया गया कि कुछ और राज्यों से नमाज कक्ष के बारे में मंतव्य अभी आना है। इसके बाद नमाज कक्ष को लेकर विधानसभा द्वारा गठित सात सदस्य वाली सर्वदलीय कमेटी अपना निर्णय लेगी, जिसे कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। विधानसभा की ओर से कोर्ट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## पीएम 24 को करेंगे रांची-हावड़ा वंदे भारत का उद्घाटन

**रांची।** पीएम 24 सितंबर को देश के अलग-अलग राज्य के लिए नौ 'वंदे भारत ट्रेन' का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। इसमें रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। चेन्नई कोच फैक्टरी से दक्षिण-पूर्व रेलवे को इस ट्रेन के लिए आठ रैक भी आवंटित कर दिये गये हैं। साथ ही द-पू रेल मुख्यालय की ओर से इस ट्रेन के लिए रूट भी तय कर दिया गया है। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन रांची से रवाना होगी और मुरी, झालदा, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, घाटशिला, झाड़ग्राम व खड़गपुर होते हुए हावड़ा जायेगी। पहले दिन ट्रेन का ट्रायल दोपहर 12:45 बजे निर्धारित किया गया है।

## सीआईडी ने 3 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

### एक करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी

### विदेशी खातों से ट्रांजेक्शन होने पर बढ़ा दिया कार्ड का लिमिट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने क्रेडिट कार्ड का स्कोर बढ़ाकर ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड सहित तीन को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने चेन्नई ,रांची और बोकारो में छापेमारी कर यह कार्रवाई की है। झारखंड सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच ने क्रेडीट कार्ड का लिमिट बढ़ा कर बैंको को चुना लगाने वाले गिरोह के सरगना मो काजिम को चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले रांची और बोकारो में छापेमारी कर कासिम गिरोह दो सदस्यों अशोक और नीरज पांडेय को साइबर क्राइम ब्रांच ने बुधवार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर





#### बैंक ने दर्ज करवाया था मामला

सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच में एक एफआईआर दर्ज की गई थी जिसमें बैंक के द्वारा यह बताया गया था कि साइबर अपराधियों ने आरबीएल बैंक से क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाकर 1.10 करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दिया है। बैंक ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि बोकारो के रहने वाले नीरज के बैंक खातों की जानकारी मिली। बैंक ने जब राशि लौटाने का दबाव बनाया तो ठगों ने देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद आरबीएल बैंक के मुख्य कार्यालय शाहपुरी में कार्यरत पंकज भगत ने नीरज और अन्य के खिलाफ साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

#### राशि लौटाने से किया इंकार

अधिकारी पंकज ने सीआईडी के क्राइम ब्रांच की टीम को बताया कि आरोपी नीरज से राशि लौटाने के लिए कई बार बैंक से नोटिस भेजा गया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। जब बैंक की टीम आरोपी के घर पहुंची तो उसने पैसा देने से इंकार कर दिया।

#### बड़ा गिरोह है एक्टिव

अब तक साइबर अपराधी आम लोगों के खातों से पैसे उड़कर उन्हें चुना लगा रहे थे लेकिन अब बैंक भी साइबर अपराधियों के निशाने पर है। खासकर वैसे बैंक जो क्रेडिट कार्ड देने के लिए आतुर रहते हैं। सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि इस तरह के मामले देश भर में आ रहे है।


### काशी में अर्ध चंद्राकार स्टेडियम का अनोखा है वास्तुशिल्प

## डमरू, बेलपत्र व त्रिशूल की दिखेगी झलक

**एजेंसी। वाराणसी**

काशी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितंबर को काशी आ रहे हैं। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेट का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा।

इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। स्टेडियम के निर्माण के लिए 121 करोड़ कीमत की 30.86 एकड़ जमीन यूपीसीए को पट्टे पर दिया गया है। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में 7 पिच (प्रैक्टिस और मेन विकेट) के अलावा अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है। स्टेडियम का आकार अर्ध चंद्राकार होगा, जिसमें लगी फ्लड लाइट्स त्रिशूल के आकार की होगी। बिल्डिंग में बेलपत्र की डिजाइन दिखेगा, वहीं डिजाइन में डमरू का आकर भी होगी। गंगा घाट की सीढ़ियों जैसी दर्शक दीर्घा होगी। शिलान्यास समारोह में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर जैसे कई दिग्गज क्रिकेटरों के मौजूद रहने की संभावना है। इस कार्यक्रम में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल, सचिव जय शाह भी मौजूद रहेंगे। कानपुर और लखनऊ के बाद काशी में प्रदेश का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा।



### चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

## आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मतदाता पंजीकरण (संशोधन) नियम 2022 के तहत आधार संख्या को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा सूचित किया गया था कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि वह फॉर्म में स्पष्टीकरण परिवर्तन जारी करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि 2022 के नियम 26-बी के तहत आधार संख्या जमा करना अनिवार्य नहीं है। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग को फॉर्म-6 (नए मतदाताओं के लिए आवेदन पत्र) और फॉर्म-6बी (चुनावी उद्देश्यों के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### झारखंड दौरे पर चुनाव आयोग की टीम

# आज उपायुक्तों के साथ होगी महत्वपूर्ण बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चुनाव की तैयारी का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर आज(गुरुवार) देर शाम रांची पहुंच रही है। नई दिल्ली से रात 9 बजे के करीब रांची पहुंच रहे चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के साथ बैठक की जायेगी। इस बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण से लेकर लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार आयोग का यह विजिट काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान जिलावार प्रजेंटेशन के माध्यम से मतदाता सूची पुनरीक्षण और लोकसभा चुनाव के तैयारी की समीक्षा की जायेगी। आयोग के अधिकारी फिल्ड विजिट भी कर सकते हैं। इसके लिए तैयारियां की गई हैं। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा चुनाव संबंधित कुछ बुकलेट्स का भी विमोचन किए जाने की संभावना है। आपको बता दें कि इससे पहले 16 और 17 अगस्त को झारखंड दौरे पर भारत निर्वाचन आयोग की टीम के आने का कार्यक्रम तय था जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था। सुबह 10 बजे से होगी बैठकः शुक्रवार 22 सितंबर को सुबह 10 बजे से होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के सीनियर डिप्टी कमिश्नर डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के अलावे सीनियर डिप्टी कमिश्नर नीतेश व्यास, मनोज कुमार साहु, प्रिंसिपल सेक्रेटरी अरविंद आनंद, अंडर सेक्रेटरी तनुज कुमारी और सेक्शन ऑफिसर देवेश कुमार मौजूद रहेंगे। इस बैठक में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को छोड़कर राज्य के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मौजूद रहेंगे।

### डेढ़ माह के भीतर भगवान बिरसा की जन्मस्थली का होगा विकास

# ग्रामीणों को मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

झारखंड राज्य गठन के 23 साल बाद भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का सर्वांगीण विकास होगा। डेढ़ माह के भीतर उलिहातू के ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। इसके लिए जिला प्रशासन एक माह तक उलिहातू में कैंप कर शहीद आदर्श ग्राम उलिहातू को सवांरने के लिए सभी विभाग के अधिकारी काम करेंगे।




राज्य गठन के बाद पहली बार उलिहातू के विकास के लिए एक माह तक लगातार अधिकारी कैंप करके योजनाओं को पूर्ण कराएंगे। ऐसा इसलिए होने जा रहा है क्योंकि ऐसी संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर उलिहातू आ सकते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर किसी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।खूंटी डीसी लोकेश मिश्र ने बताया कि उलिहातू एक शहीद आदर्श ग्राम है और कल्याण विभाग द्वारा योजनाओं का संचालन होता है। उलिहातू के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन विभागों द्वारा कार्य किये जा रहे हैं, साथ ही भगवान बिरसा के वंशजों समेत वहां के ग्रामीणों को आवास योजना से जोड़ा जा रहा है। हालांकि आवास योजना अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है जिसे जल्द पूरा करवाया जाएगा। डीसी ने बताया कि बारिश के कारण आवास योजना निर्माण की गति धीमी है लेकिन बरसात के बाद उसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लाभुक जितना जल्द आवास निर्माण कराएंगे उतना जल्द ही आवास पूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधाएं उलिहातू के ग्रामवासियों तक पहुंचाई जाएगी। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू आ चुकी हैं। 15 नवंबर 2022 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उलिहातू आई थीं। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया। उसके बाद 25 मई को महिला स्वयं सहायता समूह (महिला सम्मेलन) कार्यक्रम में भी शामिल हुई थीं।

### बेड़ो गणेश पूजा में उमड़ी भक्तों की भीड़

# भारी बारिश के बीच 1001 माताओं ने की गणपति बप्पा की भव्य महाआरती



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो थाना परिसर में श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव से पुरे बेड़ो में गणेश पूजा की धूम मची है। भव्य पंडाल के साथ ही आकर्षक विधुत सज्जा की है। जहां गुरुवार की शाम 1001 महिलाओं द्वारा महाआरती के समय गजानन की छटा देखते ही बन रही थी। सैकड़ों की संख्या मे रात्रि में श्रद्धालुओं ने गणेश आरती में भाग लिया। वही हर दिन सुबह शाम आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इधर महाआरती में बेड़ो तेतर टोली निवासी मोती लाल गुप्ता के सौजन्य से सूजी के हलुआ प्रसाद वितरण किया गया। इधर समिति द्वारा महावीर चौक में शनिवार की 8:30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, विजय सहाय विकास कुमार सहित अन्य सदस्य लगे हुए हैं।

# सभी बैंकर्स अपने निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हों : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को नीलाम पत्र से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी बैंकर्स न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें। डीसी ने सभी बैंकर्स को निर्धारित तिथि पर नीलाम पत्र शाखा आकर रजिस्टर नौ एवं दस का मिलान करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी बैंकर्स को इस कार्य के लिए एक व्यक्ति को नामित करने को भी कहा। इस दौरान उपायुक्त ने बैंकर्स की ओर से केस के अपडेट से न्यायालय को अवगत कराने, रजिस्टर नौ एवं दस का मिलान, मिलान के लिए निर्धारित तिथि और रोस्टर के अनुसार बैंकों की उपस्थिति, यूएस-नौ के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों पर रिजॉइंडर उपलब्ध कराने, बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए नोटिस एवं वारंट से संबंधित कार्रवाई में सहयोग करने, बैंकर्स की ओर से केस में निर्धारित तिथि को पैरवी, देनदार की ओर से राशि जमा करने के बाद बैंकर्स के जरिये अनापत्ति प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराने की समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकतम लंबित वाद वाले बैंक (भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया) को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स मासिक प्रगति प्रतिवेदन हर माह की दो तारीख तक नीलाम पत्र शाखा को उपलब्ध करायें। सभी बैंकर्स को दायर रक्विजिशन में पिता का नाम, पिन कोड, संपूर्ण पता, पोस्ट एवं थाना का उल्लेख करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही देनदार की ओर से राशि जमा करने के बाद बैंकर्स को समय पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया।



### आजसू पार्टी राज्यभर में करेगी 100 सभाएं

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने कहा कि पार्टी 23 सितम्बर को दिवंगत विनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ पर पूरे राज्य में 100 सभाएं करेगी। इन सभाओं में बिनोद बिहारी महतो के पढ़ो और लड़ो के सिद्धांत एवं उनके जरिये झारखंड अलग राज्य निर्माण में किए गए संघर्षों को याद किया जाएगा। भगत गुरुवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा प्रभारियों को इस आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य की वर्तमान परिदृश्य पर उनके प्रासंगिक मूल्यों पर चर्चा की जाएगी। इन सभाओं की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि रांची के मोरहाबादी मैदान में 29 सितम्बर को उद्घाटन सत्र में झारखंड के सभी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। झारखंड आंदोलनकारी आजसू के पूर्व नेतृत्व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### उत्पाद सचिव ने उत्पाद पदाधिकारियों व मानव सेवा प्रदाता कंपनी के साथ की बैठक

# शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक पर शराब बिकी तो होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में शराब कारोबार से राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को हासिल करने व राजस्व के स्तर की समीक्षा की गई। उत्पाद सचिव विनय चौबे ने खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों को ससमय मानदेय का भुगतान करने का निर्देश दिया है, क्योंकि ससमय वेतन न मिलने की वजह से कर्मियों के द्वारा गलत कृत्य करने की संभावना बनी रहती है। विनय चौबे ने आदेश दिया कि एमआरपी से अधिक दर पर शराब की बिक्री पर रोक लगाने का काम सहायक उत्पाद आयुक्त, अधीक्षक उत्पाद अपने स्तर से स्वयं देखें।



सभी जिला उत्पाद पदाधिकारियों को कहा गया है कि वह सभी दुकानों में एमआरपी संबंधी डिटेल्स का डिस्प्ले बोर्ड लगाएं। सभी दुकानों में सीसीटीवी लगाने का भी आदेश दिया गया है ताकि दुकानों से शराब बिक्री की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सके। देशी व विदेशी शराब में मिलावट पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश भी विभागीय सचिव ने दिया है। वहीं शराब की आपूर्ति सुनश्चित करने का निर्देश जेएसबीसीएल को दिया गया है। खुदरा शराब दुकानों से नकद राशि जमा लेने वाली एजेंसी एसआईएस पर अपने कार्यों में शिथिलता बरतने के कारण फाइन लगायी गई है। वहीं राजस्व सचिव ने अगले छह महीनों के लिए राजस्व लक्ष्य के विरूद्ध 113 प्रतिशत राजस्व संग्रहण प्राप्त करने का दावा किया।


प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची
(गव्य विकास निदेशालय)
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
Email-ftcranchi@gmail.com

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय राज्यादेश सं० 14 रा० (वि०) दिनांक – 17.07.2023 के आलोक में राज्य के जिलों के पशुपालक/गव्य व्यवसाय में अभिरूची रखने वाले कृषकों को दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेनेवाले प्रशिक्षणार्थियों के भोजनादि हेतु कैम्पस अवस्थित कैंटीन में मेस (भोजनादि) का संचालन किया जाना है। मेस के कार्य को आउटसोर्सिंग करने हेतु इच्छुक संस्थान/व्यक्ति जो इस कार्य में अभिरूची रखते हैं, से निम्नांकित आधार पर निविदा प्रपत्र आमंत्रित की जाती है :–

1. कार्य – प्रशिक्षणार्थियों के भोजनादि हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से मेस का संचालन
2. निविदा प्रकाशन तिथि – 20.09.2023
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि – 30.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि – 04.10.2023 को अपराह्न 2.00 बजे
5. निविदा राशि – 3,000/– रुपये
6. अग्रधन (EMD) – राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट 1,00,000/– रुपये (एक लाख रुपये) बैंक ड्राफ्ट/बैंक गारंटी एवं निविदा राशि रु० 3000/– देय – मुख्य अनुदेशक, प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची। (EMD in favour of Chief Instructor, Training & Extension Institute, Ranchi)
7. निविदा प्रपत्र जमा/प्राप्त करने हेतु कार्यालय का पता – प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची सेक्टर–2, धुर्वा, राँची
8. सम्पर्क संख्या – 9835147756

ह०/–
मुख्य अनुदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची

PR 307365 (Animal Husbandry) 23-24 (D)


### संकट मोचन मंदिर की नई समिति के अध्यक्ष ने कार्यभार संभाला

**रांची।** शहर के डेली मार्केट थाना क्षेत्र के संकट मोचन मंदिर में धार्मिक न्यास बोर्ड की नई समिति ने अध्यक्ष विजय बर्मन के नेतृत्व में गुरुवार को कार्यभार संभाला। विजय बर्मन ने कहा कि नई कमेटी सभी को साथ लेकर चलेगी। हमलोग बाबा महंत से आशीर्वाद लेकर ही कार्य करेंगे। मंदिर में न्यास बोर्ड का कार्यालय खोलने के पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कार्यशैली तैयार की जाएगी। उसी के अनुरूप मंदिर की देखरेख और विकास कार्य किया जायेगा। उपाध्यक्ष सनी कुमार ने कहा कि पटना में महावीर मंदिर के नाम पर ट्रस्ट बनाकर कई सारे अस्पताल और विकास के काम किए जाते हैं। इसी प्रकार यहां भी कई तरह के विकास का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंदिरों पर सिर्फ भाजपा वालों का ही कब्जा नहीं चलेगा। सनातन धर्म सभी हिंदुओं का धर्म है। मंदिर में कोई पार्टी पॉलिटिक्स नहीं होनी चाहिए।

### पारंपरिक गीतों के साथ प्रखंड में मनाया गया करम पूर्व संध्या समारोह

# मांदर की थाप पर झूम उठे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

कोनो वने अहिरा गइया रे चराय ...सातो भईया सातो करम गडाय़....सातो गोतनी करम गडाय़.... फगुआ भगत के आदिवासी खोड़हा नृत्य दल देवगांव की टीम की लोकगायिका बिरसमणी उरांव और मंगरी उरांव के करम गीतों पर लापुंग प्रखंड के डुगडुगिया मैदान में करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान मांदर की थाप के साथ हजारों लोग झूम उठे। लापुंग पड़हा समाज के संयुक्त तत्वावधान में लापुंग इंटर कॉलेज के निकट डुगडुगिया मैदान में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पड़हा सरकार जागरे उरांव ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में आदिवासियों की संस्कृति परंपरा और रीति रिवाज ही हमें बाकी समाज से अलग करती है। अति प्राचीन काल में पड़हा व्यवस्था से ही दुनिया की प्राचीनतम लोकतांत्रिक न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका की परिकल्पना आदिवासियों ने ही की थी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि लापुंग में आदिवासियों और मूलवासियों के द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाने वाला प्रकृति का पर्व करमा भाई और बहन के प्यार का पर्व के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि आज भी लोकगीतों में सातों भईया करम गडाय़ जैसी पंक्तियां भादो एकादशी के दौरान श्रवण की जाती है। वहीं उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने कहा कि हमें अपनी पहचान के लिए आदिवासियत को बचाना बेहद जरूरी है। सुखदेव लोहरा ने भी लोगों को अपनी गीतों से प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन पड़हा दीवान सह पूर्व मुखिया जयंत बरला ने किया। उन्होंने कहा कि हमें पड़हा समाज को बचाए रखने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि जब पड़हा बचेगी तभी हमारा अस्तित्व बचेगा। इस मौके पर समाजसेवी बिरसा मुंडा, गन्दुरा उरांव, मुखिया सविता उरांव, धुचला मुंडा, सरोज मुंडा, 22 पड़हा के दीवान धनिया मुंडा उर्फ धनिया बरला, विशिष्ट अतिथि मन्ना खेश, सोमरा तिर्की, पुनई उरांव, समाजसेवी संजय उरांव, सुखु लोहरा, बतिया उरांव, शोभा उरांव, चुमानी तिग्गा, प्रकाश उरांव, सुरेश उरांव, कृष्णा उरांव, विकास उरांव, मंजीत भगत, राजा उरांव, सहित कई लोगों ने लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर लापुंग प्रखंड के आदिवासी लोहरा समाज, गटेया टोली, सापुकेरा सहित 35 गांवों के सांस्कृतिक खोड़हा नृत्य दल ने अदभुत समां बांधा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलग-अलग गांवों के खोड़हा नृत्य दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची

Un-Tied मद अन्तर्गत
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 19/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक 03.10.23 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :– दिनांक 04.10.23 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 04.10.23 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रातू | रातु प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत–फुटकलटोली के ग्राम–पिर्रा में रोड नं0–1 शिव नगर वीणा कुमार के घर से रोहित गोप के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 06,61,100.00 | 13,500/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | शहरी क्षेत्र | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड–50 हेथु में दुर्गा साहु के घर से लेकर डिकेश साहु के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 19,53,600.00 | 39,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | नामकुम | नामकुम प्रखण्ड के अन्तर्गत पंचायत–चन्दाघांसी के ग्राम–ओबरिया हरिजन कॉलोनी में हनुमान मंदिर से आकाश नायक के घर पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 09,05,500.00 | 18,500/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | बुण्डू | बुण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत–ताऊ के ग्राम–दलकीडीह में सोनाहातु मुख्य पथ से नीचे टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 42,29,600.00 | 84,600/- | 10,000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | तमाड़ | तमाड़ प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत–जानुमपीड़ी के ग्राम–दुलमी में मुख्य नहर पुलिया से दुलमी ग्राम–तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 29,27,400.00 | 58,600/- | 10,000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | तमाड़ | तामाड़ प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत–तमाड़ के ग्राम–तमाड़ में बस स्टैंड होते हुए मोदी टोली बजरंग बली मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 9,48,500.00 | 19,000/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :
1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0/विविध 06–33/2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR 307404 NREP(23-24)#D


### डेंगू का कहर — डेंगू के बढ़ते मरीजों के बीच अस्पताल की बढ़ी परेशानी

# प्लेटलेट्स का इंतजाम अस्पतालों लिए बनी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में डेंगू के मरीज इन दिनों लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए प्लेटलेट्स का इंतजाम रामबाण के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन झारखंड के अस्पतालों में प्लेटलेट्स के इंतजाम को लेकर अस्पताल प्रबंधन को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी के सदर अस्पताल और रिम्स के अलावा अन्य अस्पतालों में ब्लड से प्लेटलेट्स निकालने की व्यवस्था नहीं है। जिस वजह से मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों को भी डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी देखा जाये तो ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की भारी कमी हो गयी है। इसकी कमी से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में हजारों मरीज प्रतिदिन डेंगू के लक्षण के साथ अस्पताल इलाज कराने पहुंच रहे हैं। डेंगू के दौरान मरीजों के शरीर में प्लेटलेट्स की कमी की काफी गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। राज्य में अधिकांश डेंगू के मरीज प्लेटलेट्स की कमी से जूझ रहे हैं। झारखंड के अस्पताल भी इस चुनौती का सामना कर रहे हैं। अस्पताल में मरीजों को पर्याप्त मात्रा में प्लेटलेट्स उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्लेटलेट्स की कमी और इससे होने वाले प्रभाव को लेकर मीडियर ने डॉक्टरों से बात की। साथ ही ब्लड बैंक में भी स्थिति की पड़ताल की। डॉक्टरों के अनुसार, एक व्यक्ति के शरीर में एक लाख पांच हजार प्लेटलेट्स से चार लाख पांच हजार प्लेटलेट्स की संख्या होनी चाहिए। लेकिन डेंगू से पीड़ित मरीजों का सबसे पहले प्लेटलेट्स डाउन हो जाता है, इस दौरान मरीजों के शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या पचास हजार से साठ हजार हो जाती है। प्लेटलेट्स डाउन होने से ये होता है प्रभावः रिम्स ब्लड बैंक के वरिष्ठ चिकित्सा डॉक्टर चंद्रभूषण बताते हैं कि प्लेटलेट्स डाउन होने से शरीर में आए किसी चोट या ट्रामा में रक्तस्राव को रोकना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि शरीर में अनावश्यक रक्त रिसाव को रोकने में प्लेटलेट्स मददगार होता है। वे बताते हैं कि यदि प्लेटलेट्स की संख्या अत्यधिक कम हो जाए यानी कि यदि शरीर में दस हजार से कम प्लेटलेट्स की संख्या हो जाती है तो लोगों को जॉइंट ब्लीडिंग, नोजल ब्लीडिंग, मुंह कान से भी खून निकल सकते हैं। इसके अलावा आंत, छाती सहित शरीर के कई अंगों से ब्लीडिंग की शिकायत हो सकती है। ऐसे में कई बार मरीज की जान भी चली जाती है। इसलिए मरीज अपना कंप्लीट ब्लड काउंट टेस्ट (सीबीसी टेस्ट) अवश्य करवाते रहें। रिम्स ब्लड बैंक में कार्यरत डॉक्टर चंद्रभूषण बताते हैं कि प्लेटलेट्स निकालने की दो विधियां हैं।



एचईसी बचाने के लिए आइएनडीआइए गठबंधन ने केन्द्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# एचईसी के अस्तित्व को खत्म करने की भाजपा की मंशा पूरी नहीं होगी : सुबोधकांत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/नई दिल्ली**

एशिया प्रसिद्ध कारखाना एचईसी को बचाने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन की ओर से नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर एचईसी के श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी काफी संख्या में भाग लिया। एचईसी के मजदूरों ने कहा कि सभी जगह गुहार लगाने के बाद जब कोई कार्रवाई नहीं हो रही है,तब विवश होकर केंद्र सरकार के पास फरियाद लेकर आएं हैं। यदि केंद्र सरकार अविलम्ब मांगों पर विचार नहीं करती है तो कड़े कदम उठाने पर विवश हो जाएंगे। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की भाजपानीत सरकार जब से बनी है, सभी सरकारी उपक्रमों को बेचने का काम कर रही है। भारतीय रेल, इण्डियन एअर लाइंस, हवाई अड्डे, बंदरगाहों जैसे अनेक केंद्र सरकार की उपक्रमों को अपने पूंजीपति मित्रों अम्बानी, अडानी के हाथों बेच चुकी है। भाजपानीत केंद्र सरकार बनते ही एशिया की सबसे बड़ी मातृ उद्योग भारी अभियंत्रण निगम को भी बेचने की साजिश की जा रही थी। झामुमो के आन्दोलन ने भाजपा के मनसूबे पर पानी फेर दिया था। बाजपेयी सरकार से लेकर नरेन्द्र मोदी की सरकार, सभी ने झारखंड को चारागाह के रूप में उपयोग किया है। पुनः एचईसी को बेचने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत को चन्द्रयान के जरिए चन्द्रमा तक पहुंचने का गौरव प्राप्त हुआ, हम भारतीयों के लिए यह गर्व की बात है।

### धरना में आईएनडीआइए गठबंधन के नेतागण हुए शामिल

एचईसी को बचाने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस द्वारा झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दिया गया। धरना में 'इंडिया' गठबंधन के सभी दलों के नेता झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, 'आप' के दिल्ली सांसद संजय सिंह, जदयु के राज्यसभा सांसद खीरू महतो, सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव अतुल अंजान, सीपीआई के झारखण्ड राज्य सचिव महेंद्र पाठक, केरल के पूर्व राज्यसभा सांसद पी संतोष, कांग्रेस के खिजरी (रांची)विधायक राजेश कच्छप, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जिला संयुक्त सचिव सुजीत उपाध्याय, संजय राय, परवेज आलम गुड्डू, नामकुम प्रखण्ड उपाध्यक्ष साहिल यादव, गोपाल पाण्डेय, राहुल वर्मा, जदयु के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, आरजेडी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, कांग्रेस के अनवर अन्सारी, सुंदरी तिर्की, भंवर सिंह, प्रकाश, रामचन्द्रन साथ कई मजदूर यूनियन के लोग भी शामिल हुए।

# सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा मामले में याचिकाकर्ता को सात दिनों की छूट




नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। झारखंड हाई कोर्ट से सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में निर्धारित 35 वर्ष की उम्र पार कर जाने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले लाल ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य को अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में याचिकाकताओं को ऑफलाइन फॉर्म भरने के लिए और सात दिन की छूट दी है। 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। कोर्ट ने कहा है कि अब इन प्रार्थियों का एग्जाम लिया जाएगा और उनके रिजल्ट भी आएंगे। खंडपीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकताओं का रिजल्ट इस केस के अंतिम निर्णय से प्रभावित होगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था वह सिविल जज, जूनियर डिवीजन की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं लेकिन पिछले पांच साल से सरकार ने कोई एग्जाम नहीं लिया था। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। राज्य सरकार ने पिछले पांच साल से यह एग्जाम नहीं लिया। इसलिए हमें निर्धारित उच्च उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनीत प्रकाश एवं नेहा पांडे ने पैरवी की। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

# हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए निकाली गई है संकल्प यात्रा: बाबूलाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने गरीबों महिलाओं और देश के विकास के लिए अपना सब कुछ न्योच्छावर कर दिया, उसे फिर से प्रधानमंत्री के पद पर सत्तासीन करने और भ्रष्टाचार में लिप्त राज्य की निकम्मी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ही भाजपा ने संकल्प यात्रा शुरू की है। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को तोरपा के प्रखंड मैदान में आयोजित संकल्प रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को हर समय देयश की मां-बहनों की चिंता रहती है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। प्रधानमंत्री गरीबों और महिलाओं के दर्द को समझते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मा-बहनों की पूजा सदियों से होती आ रही है। उन्होंनें कहा कि हम शक्ति के रूप में दुर्गा जी की आराधना करते हैं। धन के लिए लक्ष्मी की और ज्ञान के लिए सरस्वती माता की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में महिलाओं की पूजा होती है, उनका सम्मान होता है, वहां जन्म लेने के लिए तो देवता भी लालायित रहते हैं। मरांडी ने कहा कि हमारे देश की वित्त मंत्री भी एक महिला ही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा से पास कराकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जब कोरोना काल में सब कुछ बंद हो गया था, कल कारखाने बंद हो गये थे, गाड़ियां बंद हो गई थी, उस समय गरीबों को चिंता थी कि उन्हें खाना मिलेगा या नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री ने उस समय भी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया और आज भी हर परिवार को पांच किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। सभा कों संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कि राज्य की हेमंत सरकार गरीबों तक अनाज भी नहीं पहुंचा पा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के लिए अनाज देती है, पर हेमंत सरकार गरीबों के अनाज को बेचकर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन के दिन प्रधानमंत्री ने रसोई गैस में दो सौ रुपये की सब्सिडी की घोषणा की।

### गेतलसूद दुर्गा पूजा समिति का गठन, जलेंद्र कुमार बने अध्यक्ष

**रांची।** गेतलसूद में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता विमल नायक ने की। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से जलेंद्र कुमार को पूजा समिति अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री संजय नायक को सचिव व गणेश लोहरा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूजा समिति के मुख्य सरंक्षक पंडित ईश्वरचंद्र गोस्वामी होंगे। इनके अलावे कार्यकारी अध्यक्ष कामेश्वर महतो, अजय उरांव, शंकर बैठा, तीरथ महतो, उपाध्यक्ष विमल नायक, जय कुमार सहाय, बासुदेव गोस्वामी, गौरीशंकर मुंडा, राजन महतो, मुखिया शांति मुंडा, जीप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, अनिता गाड़ी, अनिल चौधरी। वंही कार्यकारिणी में 50 लोगों को शामिल किया गया है। संजय नायक ने बताया कि बैठक में 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

# आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा ने महिला बिल पारित कराया : राजेश ठाकुर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से ही महिला सशक्तिकरण और महिला बिल को संसद से पारित किये जाने की पक्षधर रही है। आगामी चुनावों को देखते हुए महिला बिल भाजपा ने पारित कराया। ठाकुर प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अगर अधिकार और भागीदारी दिलाने की मंशा भाजपा को होती तो 2010 में राज्यसभा से पारित बिल को ही लोकसभा में लेकर भाजपा को जाना चाहिए। हम यह कह सकते हैं कि चुनावी फायदे के मद्देनजर इस बिल को लाया गया है। इससे भाजपा की खोटी नियत सामने आ गयी है। महिला आरक्षण के पूर्व जनगणना और परिसीमन का होना अनिवार्य है जो वर्तमान परिस्थिति में 2029 के पूर्व संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई और नये भारत के निर्माण में स्त्रियां हर मोर्चे पर पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी रही हैं। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पूर्णतया समर्थन करती है और इस बिल के पारित होने से हमें बेहद प्रसन्नता है लेकिन इसके साथ पार्टी चिंतित भी है कि महिला शक्ति विगत 13 वर्षों से राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही है, उन्हें और इंतजार करने को कहा जा रहा है। आधी आबादी के साथ सरकार का यह बर्ताव सर्वथा अनुचित है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग है कि यह बिल अविलंब अमल में लाया जाए। साथ ही जातीय जनगणना कराकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, सेवादल प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन, प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम. तौसीफ, सतीश पोल मुंजनी सहित अन्य उपस्थित थे।

श्री श्याम मण्डल रांची का 56 वां वार्षिक मोहत्सव मनाया गया

# गौ माता की पूजा कर लिया गया आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मण्डल रांची का 56 वां वार्षिक मोहत्सव वृहस्पतिवार को गौ पूजन एवं गौ सेवा के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुआ। प्रातः 8 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में भव्य आरती हुई जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। आरती के पश्चात श्री श्याम मण्डल के लगभग 50 सदस्यों की टोली ने श्री श्याम प्रभु का जयकार करते हुए सुकुरहुटू गौशाला के लिए प्रस्थान कर गौशाला में पूर्ण विधि विधान से गौ माता का पूजन वन्दन किया एवं गौ शाला स्थित मन्दिर में सामूहिक संकीर्तन कर तत्पश्चात गौशाला में स्थित सभी गौ माताओं को बड़े ही श्रद्धा भाव से गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जी एवं दलिया खिलाया। इस अवसर पर गौमाता का पूर्ण प्रांगण श्री श्याम प्रभु एवं गौमाता के जयकारों से गूंज रहा था साथ ही गौ सेवा के पश्चात रोली चावल से गौमाता का तिलक कर 56 वें श्री श्याम मोहत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव परसरामपुरिया, अशोक लाठ, सज्जन सर्राफ, सर्वेश बागला, अंकित मोदी, विवेक ढांढनीयां, अनिल ढांढनीयां, ज्ञान प्रकाश बागला, राकेश सारस्वत, प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा।

गुरुवार को अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर से श्री श्याम प्रभु का भव्य शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी।

### ब्याज माफी योजना का लाभ 30 सितंबर तक

**सोनाहातू/ राहे।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ सख्त कारवाई करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सोनाहातू प्रखंड और राहे प्रखंड के अंतर्गत 5 हजार रुपये से अधिक बिजली बिल बकाया का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काट दी जायेगी। इसके लिए प्रखंडों के बिजली मिस्त्रियों कि टीम बनाकर बकायेदारों की सूची दे दी गई है। सहायक विधुत अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीण इलाकों बिजली चेकिंग अभियान चलेगा, जिसमें अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। बिजली के बकायेदार जल्द बिल भुगतान करने का प्रयास करें। इसके अलावे उन्होंने बताया कि बिजली बिल ब्याज माफी योजना जा लाभ लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2023 तक ही है।

# कुड़मी आंदोलन के मद्देनजर तीन ट्रेनें रद्द, दो के मार्ग परिवर्तित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आद्रा मंडल में कुड़मी समाज के आंदोलन और रैक की अनुपलब्धता की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित तीन ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इनमें ट्रेन संख्या 08641 आद्रा-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, ट्रेन संख्या 08695 बोकारो स्टील सिटी-रांची पैसेंजर स्पेशल ट्रेन और ट्रेन संख्या 03598 आसनसोल-रांची पैसेंजर स्पेशल ट्रेन हैं। तीनों आज रद्द रहेंगी। इसके अलावा दो ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। ट्रेन संख्या 18602 रांची-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ आज को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल के स्थान पर मुरी-चांडिल होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा आज अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल के स्थान पर मुरी-चांडिल होकर चलेगी।

श्री हरि
रस्म पगड़ी



हम सब के प्रिय उमा शंकर साबू (सुपुत्र-स्व. गणेश नारायण साबू)
का गोलोकवास दिनांक 15.09.2023 दिन शुक्रवार को हो गया है।
पगड़ी की रस्म हमारे निवास स्थान साबू ट्रेडर्स, 12 जे. जे. रोड,
अपर बाजार, रांची दिनांक 26.09.2023 मंगलवार
सायं 4 से बजे होगी।

शोकाकुल
गौरी शंकर साबू (अग्रज)
हेमंत साबू (पुत्र)
शिव शंकर, विजय शंकर, अजय शंकर (भाई)
विक्रम साबू (भतीजा)
कनव, अर्थव (पौत्र)
एवं समस्त साबू परिवार

फर्म
साबू ट्रेडर्स
अक्षिता इंटरप्राईजेज
9234223111
9334402545

राजनीति | आजसू पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं को घर वापसी कराने में जुटा

# एआइएमआइएम के प्रदेश सचिव ने थामा आजसू का दामन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय महाधिवेशन से पहले आजसू अपने पुराने और बिछड़े हुए पार्टी नेता-कार्यकर्ताओं को घर वापसी कराने में जुटा है। इसी के तहत गुरुवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की मौजूदगी में पार्टी प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें रांची जिला परिषद सदस्य आदिल ने अपने समर्थकों के साथ एक बार फिर आजसू का दामन थामा। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने जिला परिषद सदस्य आदिल का स्वागत करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी अपने केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी कर रही है, जो बड़ा अनुष्ठान है। इससे पहले जिस तरह से मिलन समारोह के जरिए आजसू के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। ऐसे में यह कारवां राज्य भर में चलेगा। एक बार फिर आजसू में शामिल होने पर खुशी जताते हुए जिला परिषद सदस्य आदिल ने कहा कि जो भी एक बार आजसू से जुड़ जाता है, वह दिल और दिमाग से इस पार्टी के प्रति समर्पित हो जाता है। हम भले ही कुछ वजह से यहां से दूर हो गए थे, लेकिन मेरा मन इसके प्रति हमेशा यहां से जुड़ा था।

महाधिवेशन में हर गांव से एक महिला-पुरुष होंगे शामिल: केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी में जुटी आजसू की ओर से बताया गया कि तीन दिवसीय इस महाधिवेशन में झारखंड के प्रत्येक गांव से एक महिला और पुरुष प्रतिनिधि के तौर पर हिस्सा लेंगे। केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि इस महाधिवेशन में 09 विषयों पर अलग-अलग सत्रों में चर्चा होगी। जिसमें विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे। मोरहाबादी में आयोजित इस तीन दिवसीय महाधिवेशन में करीब 5 हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होने वाले परिचर्चा में भाग लेंगे, पर चर्चा में भाग लेने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में निबंधन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 100वीं वर्षगांठ पर 100 सभाएंः देवशरण भगत ने कहा कि 23 सितंबर को पार्टी ने स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ पर राज्यभर में 100 सभाएं करने का निर्णय लिया है। यह सभा विधानसभा और नगर निकाय क्षेत्र में आयोजित होगा और विनोद बिहारी महतो के द्वारा दिए गए नारा पढ़ो और लड़ो के संकल्प को दोहराएंगे।

NEWS इन ब्रीफ

### धनबाद : आरएस मोर कॉलेज में पेंटिंग व स्किट प्रतियोगिता

**धनबाद।** आरएस मोर कॉलेज गोविंदपुर में सांस्कृतिक विभाग की ओर से चंद्रयान-3 की सफल उड़ान के उपलक्ष्य में पेंटिंग व स्किट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. छात्रों ने प्रतियोगिताओं में वैज्ञानिक स्वभाव व प्रगति, रॉकेट लॉन्च, चंद्रयान-3 मिशन, इसरो, मिसाइल आदि पर पेंटिंग बनाई. प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया. स्किट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 की सफलता पर मंचन किया. कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रवीण सिंह ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के महत्व पर शिक्षित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं.

### दो दुकानों व घर का ताला तोड़ हजारों के सामान की चोरी

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड में अचानक चोरी की घटनाएं बढ़ गईं हैं. चोरों ने 20 सितंबर बुधवार की रात सांख पंचायत निवासी लखन महतो और टेकलाल महतो की दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोर दुकान से कपड़े, फ्रीज में रखे कोल्ड्रिंक्स व नकद रुपए लेकर फरार हो गये. उधर, प्रखंड के सेरूआ में गणेश सिंह के घर का ताला तोड़कर चोर अंदर प्रवेश कर गये और कीमती सामान और पैसे लेकर फरार हो गये. एक ही रात चोरी की 3 घटनाओं से क्षेत्र के दहशत में हैं ग्रामीणों ने गावां थाना प्रभारी से चोरों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है.

### धनबादः ई रिक्शा की मांग को लेकर मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

**धनबाद।** ई रिक्शा (टोटो) की मांग को लेकर गुरुवार 21 सितंबर को झारखंड ई रिक्शा मजदूर संघ के बैनर तले चालकों ने गांधी सेवा सदन में जोरदार प्रदर्शन किया. नेतृत्व बाघमारा अंचल के जुम्मन खान ने किया. रिक्शा चालकों का कहना था कि वर्ष 2017 में नगर निगम की ओर से 101 लोगों को ई रिक्शा मिलना था. लेकिन सिर्फ 23 लोगों को ही रिक्शा मिला. उसके बाद से लगातार नगर निगम से आश्वासन मिल रहा है. आज मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी दिया गया है. मांगें पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

### धनबादः बेकारबांध में सूर्य मंदिर से दान पेटी व इनवर्टर ले भागे चोर

**धनबाद।** धनबाद के बेकारबांध स्थित सूर्य मंदिर में विगत 20 सितंबर बुधवार की रात चोर दानपेटी सहित कई सामान ले कर फरार हो गए. मंदिर के पुजारी श्रीधर पांडेय ने धनबाद थाना में शिकायत की है. शिकायत में उन्होंने कहा है कि प्रतिदिन की भांति 21 सितंबर गुरुवार को सुबह 6 बजे वह सूर्य मंदिर पहुंचे. देखा कि बजरंग बली मंदिर का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखी दान पेटी, इनवर्टर व बैटरी गायब है.

# लूटकांड के मास्टरमाइंड समेत दो गिरफ्तार, 77 लाख बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला के जमुआ-गिरिडीह मुख्य मार्ग के बाटी मोड़ के पास बीते 21 जून की रात डीवाई कंपनी के पांच करोड़ रुपये लूट ली गई थी. एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर पुलिस टीम ने लूटकांड मामले में मास्टरमाइंड खिरोधर साह उर्फ गुलाब साह और मुन्ना रविदास को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार मास्टरमाइंड के पास से पुलिस ने 77 लाख रुपये नगद बरामद किया है. यह जानकारी, गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी. गुलाब साह और मुन्ना को पुलिस ने कन्याकुमारी से गिरफ्तार किया है. गुलाब की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की टीम लगातार कई राज्यों में छापेमारी कर रही थी. जिसके बाद पुलिस की विशेष टीम को यह सफलता हासिल हुई है.



### क्या है मामला

बीते 21 जून की रात अपराधियों ने जमुआ थाना इलाके के बाटी मोड़ के पास उस वक्त डीवाई कंपनी के पांच करोड़ रुपये को नगद लूट लिया. जब कंपनी के कर्मी क्रेटा कार में पटना से कोलकाता ले जा रहे थे. क्रेटा कार के अंडरग्राउंड सेफ में कंपनी के पांच सौ रुपये की गड्डियां भरी हुई थी. इस मामले को लेकर क्रेटा कार के चालक मयर सिंह जडेजा ने जमुआ थाना में आवेदन देकर जमुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी.

### लूट की योजना बरही के गुलाब साह ने बनाया था

गुजरात की डीवाई कंपनी की इतनी मोटी रकम लूटने की योजना बरही के गुलाब साह ने बनाया था और अपने गिरोह में अन्य लोगों को शामिल किया था. घटना को अंजाम देने के बाद गुलाब साह हजारीबाग जिले के बरही में स्थित अपने निवास पर भी पहुंचा था. लेकिन चार दिनों के बाद पुलिस की सक्रियता देखकर वह स्कॉर्पियो समेत फरार हो गया. जिसके बाद उसने झारखंड छोड़ बिहार के किसी इलाके में शरण लिया था. इससे पहले पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था. उनके पास से पुलिस ने 3.24 करोड़ रूपया बरामद किया था. पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपियों में राजेश सिंह धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रामनगर विलेज रोड, मो. करीम अंसारी गोविंदपुर के अमलाटांड़, विनोद विश्वकर्मा गोविंदपुर के अमरपुर उपर बाजार और शहजाद आलम गोविंदपुर के फकीरडीह का रहने वाला है. जबकि रंजीत कुमार हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र के धमना और अजीत कुमार सिंह चतरा जिला के इटखोरी थाना क्षेत्र के कोनी गांव का रहने वाला है.

### बालू घोटाला मामले में पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह गिरफ्तार

**धनबाद।** बालू घोटाला मामले में धनबाद के पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह को गिरफ्तार किया है. इस मामले में एऊ धनबाद के जगनारायण सिंह और सतीश कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में डायरेक्टर हैं. पुंज सिंह जगनारायण सिंह और उनके बेटे सतीश कुमार के साथ मिलकर बालू का कारोबार करते हैं. धनबाद से यह तीसरी गिरफ्तारी है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुंज सिंह को बुधवार को ईडी ने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था. पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. हालांकि, गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है. बालू घोटाला मामले में एऊने बीते छह जून को बिहार और झारखंड में कुल 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस मामले में एऊ ने सबसे पहले जदयू विधान पार्षद और बालू सिंडिकेट से जुड़े राधाचरण सेठ को गिरफ्तार किया. इसके बाद उनके पुत्र कन्हैया और बाद में 16 सितंबर को आदित्य मल्टीकॉम के निदेशक समूह के अधिकारी जगनारायण सिंह, जबकि दूसरे अधिकारी सतीश कुमार को गिरफ्तार किया. बताया जाता है कि आदित्य मल्टीकॉम का कारोबार बिहार के साथ ही झारखंड और अन्य कई प्रदेशों में फैला हुआ है.

### गिरिडीह : बिजली तार की चपेट में आने से 7 मवेशियों की मौत, तीन महिलाएं झुलसी



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र स्थित नगवां पंचायत के चक गांव में बुधवार देर रात लगभग 1 बजे बिजली का तार टूट कर गिर गया,जिससे सात मवेशियों की मौत हो गयी, जबकि इसकी चपेट में आने से तीन महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गयीं, जिनका इलाज गावां सीएचसी में चल रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिजली का तार महेंद्र यादव और अर्जुन यादव के घर के ऊपर से गया हुआ था. तार काफी जर्जर था. बुधवार देर रात अचानक तार टूट कर गिर गया. जिससे मौके पर ही सात मवेशियों की मौत हो गयी. यह देख जब घर के लोग बाहर निकलने लगे तो बिजली के तार में सट कर तीन महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गयी. इसके बाद महिलाओं के परिजनों ने मुखिया मेराज उद्दीन को सूचना दी और झुलस गयी महिलाओं को गावां सीएचसी भेजा . घटना के संबंध में बताया गया कि फुलवा देवी पति महेंद्र यादव, मन्नो देवी पति अर्जुन प्रसाद यादव व रविता देवी पिता अर्जुन यादव गंभीर रूप से झुलस गयी हैं. साथ ही महेंद्र यादव के दो बैल व दो बछड़े, अर्जुन यादव की दो गायें व एक बछड़े की मौत हो गयी है. नगवां मुखिया मेराज उद्दीन ने कहा कि पूर्व में बिजली विभाग को लिखित आवेदन देकर जर्जर तार बदलने की मांग की गयी थी, लेकिन विभाग की और से कोई पहल नहीं की गयी. जिससे आज सात मवेशियों की मौत हो गयी. जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गयी. उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही से इतनी बड़ी घटना घटी है. विभाग जल्द बिजली के तार को बदले, नहीं तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि झुलस गयी महिलाओं को गावां अस्पताल भेजने के लिए जब 108 एम्बुलेंस में फोन किया, तो उन्होंने कहा कि 10 मिनट में भेजते हैं. जबकि 30 मिनट के बाद फोन करने पर बताया कि एम्बुलेंस की सुविधा नहीं दे सकते हैं.

### धनबाद : लोहा चोर को ग्रामीणों ने खंभे में बांधकर पीटा, बाकी साथी हुए फरार

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के बीसीसीएल के बलिहारी 10/12 पीट में गुरुवार 21 सितंबर की अहले सुबह करीब 4 बजे ग्रामीणों ने बीसीसीएल का लोहा चोरी कर जाते २क युवक को चोरी का लोहा लदे ठेला सहित पकड़ कर पिटाई कर दी और पोल में बांध दिया. जबकि उसके दूसरे साथी भागने में कामयाब रहे. दरअसल 10/12 पीट के गेट से बाहर ठेला को बार-बार आते जाते देख ग्रामीणों को शक हुआ. ग्रामीणों ने युवक से पूछताछ की तो सभी भागने लगे. ठेला चला रहा युवक लोगों के हत्थे चढ़ गया. ग्रामीणों ने पकड़े गये युवक अभी सोनकार (22 वर्ष) को पोल में रस्सी से बांधकर पिटाई करने लगे. ठेले पर दरवाजा, स्विच व अन्य बीसीसीएल के स्क्रैप लोहा लदा हुआ था. हो हल्ला सुन बीसीसीएल के सुरक्षा गार्ड ने घटना की जानकारी बीसीसीएल के अधिकारी व पुटकी पुलिस को दीं. पुटकी पुलिस व सीआईएसएफ का दल पहुंच कर लोगों को शांत करया. साथ ही पकड़े गये युवक को खंभे से खोलकर पुलिस थाना ले गयी. रंगे हाथ पकड़ाये युवक अभी सोनकार ने बताया कि वो फेरी करता है. पुटकी के रहने वाले विजय मोदक, रोहित शेख व उनके साथ अन्य 4-5 की संख्या में युवकों ने उसे यहां चदरा लेने के लिए बुलाया था. लेकिन जब वो यहां पहुंचा तो उसे बीसीसीएल का लोहा होने का पता चला. बीसीसीएल के सुरक्षा प्रहरी श्रवण कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से चोर के साथ-साथ चोरी हुए सामान बरामद कर सीआईएसएच को सुपुर्द कर दिया गया. चोरी सामान में गेट स्विच व लोहा के दूसरे सामग्री है. जिसकी कीमत लगभग 10-12 हजार रुपए है. ऊंचे अधिकारी को इसकी जानकारी दे दी गई है.

### नगर पंचायत ने डेंगू को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को लेकर गुरुवार को नगर पंचायत की एक टीम ने जागरूकता अभियान चलाया. टीम वार्ड संख्या 10 स्थित बाजपेई नगर में घर-घर जाकर इस बात की जांच की कि किसी कारण डेंगू के लार्वा पनप रहे हैं अथवा नहीं. टीम ने कई संभावित जगहों पर एंटी लार्वा केमिकल का छिड़काव किया. पदाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि अपने घर तथा इसके आसपास में जल का जमाव नहीं होने दें और साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें. इस टीम में नगर प्रबंधक प्रभात मिंज, कनीय अभियंता ग्लोरिया भेंगरा, एलटी प्रबीर बेहरा, विकास गिरी, असीम नाथ, रॉकी दास आदि शामिल थे. ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी स्वास्थ्य विभाग और नगर पंचायत की टीम द्वारा कई दिनों तक विभिन्न साबुन फैक्ट्री और चावल मिलों में छापामारी अभियान चलाया था.

### बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर तैयारी पूरी



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में 22 से 24 सितंबर तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा होगी. इस दौरान वे विभिन्न क्षेत्र में सभा करेंगे. इधर, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में परिभ्रमण कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने तैयारियां प्रारम्भ कर दी है. भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंगल सिंह गिलुवा ने बताया कि 23 सितंबर की सुबह चाईबासा परिसदन में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मानकी-मुण्डाओं के साथ बैठक के बाद 11 बजे मारवाड़ी स्कूल मैदान, चक्रधरपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे. इस कार्यक्रम के बाद दोपहर 3 बजे जगन्नाथपुर स्थित कोठगढ़ मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे. शाम 6 बजे सेल की मेघालया गेस्ट हाउस पहुंचेंगे. यहां सेल अधिकारियों व कार्यकताओं के साथ बातचीत के बाद रात्रि विश्राम करेंगे. 24 सितंबर को किरीबुरू से अन्यत्र रवाना होंगे.

### किरीबुरू : खेलो झारखंड के तहत विभिन्न खेलों का ओपन ट्रायल 26 से रांची में

**चाईबासा।** खेलो झारखंड 2023-24 के तहत विभिन्न खेलों का ओपन ट्रायल रांची में होगा. इसके लिये पश्चिम सिंहभूम के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पत्र लिखा है. पत्र में कहा गया है कि 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में राज्य टीम की भागीदारी हेतु विभिन्न प्रतिस्पधाओं का ओपन ट्रायल रांची में होना सुनिश्चित है. इसके तहत ताइक्वांडो, जिम्नास्टिक, मुक्केबाजी, तैराकी, भारोत्तोलन, शूटिंग, हैंडबॉल का ओपन ट्रायल 26 सितंबर को और वुशू, कराटे, जूडो, मलखम्ब, टेनिस, टेबल-टेनिस, बैडमिंटन, योगासन, चेस का ओपेन ट्रायल 27 सितंबर व क्रिकेट, बास्केटबॉल, हॉकी, फुटबॉल, साइक्लिंग एवं स्केटिंग का ओपेन ट्रायल 28 सितंबर को रांची में आयोजित होगा.

### जमशेदपुरः डॉक्टरों की हड़ताल से सदर अस्पताल की ओपीडी बंद

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल में बीते दिनों बच्ची की मौत के बाद बच्ची के परिजन ने अस्पताल के चिकित्सक से मारपीट की थी. घटना के बाद से ही चिकित्सकों में आक्रोश व्याप्त है. अस्पताल के चिकित्सक दो दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है. इस कारण अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है. वहीं गुरुवार को इसका असर खासमहल स्थित सदर अस्पताल में भी देखने को मिला, जहां इमरजेंसी सेवा को छोड़कर सारी सेवाएं बंद रही. सदर अस्पताल एक ऐसा अस्पताल जिस पर पूरे ग्रामीण क्षेत्र के लोग निर्भर करते हैं ऐसे में लोगों के समक्ष एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है. इधर, एमजीएम अस्पताल में भी चिकित्सकों की हड़ताल गुरुवार को भी जारी रही. बुधवार रात एक बार फिर चिकित्सक और होमगार्ड के जवान आपस में भीड़ गए, दोनों के बीच हाथापाई भी हुई. इस मामले में पीड़िता ने साकची थाना और अस्पताल अधीक्षक से लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है.

## सदर अस्पताल में टीबी मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** रोटरी क्लब चाईबासा द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के तहत सदर अस्पताल में टीबी मरीजों के बीच पोषाहार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष हीना ठक्कर ने मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिमाह रोटरी क्लब द्वारा नियमित रूप से चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि टीबी एक संक्रामक बीमारी जरूर है, परंतु लाइलाज नहीं है. समय रहते इसका इलाज किया जाय तो यह पूर्ण रूप से ठीक हो सकता है. मरीजों को भरपूर मात्रा में विटामिन, कैल्शियम तथा फाइबर का सेवन करना चाहिए. मौके पर सुनित खिरवाल ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से समाज में अपनी सेवा देने में अग्रणी रहा है. सभी लोगों की सहभागिता से ही टीबी का उन्मूलन किया जा सकता है. मौके पर नरेंद्र ठक्कर, सुशील मूंधड़ा, रमेश दत्तानि, सौरव प्रसाद, सुशील चौमाल, नवजीत सिंह उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सदर अस्पताल यक्ष्मा केंद्र के ओम प्रकाश, बिशन नारायण और गोवर्धन का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### गुवा में उरांव समाज का करम पर्व शुरू



**चाईबासा।** गुवा में उरांव समाज द्वारा करमा पूजा का शुभारम्भ पूरे उत्साह के साथ गुरुवार को किया गया. इस अवसर पर जंगल से करम पेड़ के डाल लाकर मांदर के थाप पर नृत्य किया गया. कुंवारे लड़के लड़कियां निर्जला उपवास रख कर 5 दिनों तक पर्व मनाएंगे. कर्म पर्व की कहानी संध्या में सुनाई जाएगी. उसके बाद रात भर नाच गाकर जागरण किया जाएगा. गुरुवार सुबह विधि-विधान के साथ कर्म राजा की पूजा अर्चना की गई. मौके पर पाहन करन खलखो, सहयोगी सावन टोप्पो, माधो केरकेट्टा, गोकुल बरवा, जयराम केरकेट्टा, विशाल तिरकी, रजनी टोप्पो, नंदिनि केरकेट्टा, पिंकी तिरकी के साथ-साथ संरक्षक दुच्चा टोप्पो, अध्यक्ष सुरू मिंज, सचिव मंगल लकड़ा, अजय लकड़ा, भादो टोप्पो और समस्त उरांव समाज के लोग शामिल थे.

सुविधा

## सदर अस्पताल में शुरू होगा 10 बेड का कुपोषण उपचार केंद्र

# बच्चों को सेंटर में उपचार के साथ मिलेगा पोषहार




नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** सदर अस्पताल में बच्चों के बेहतर इलाज का प्रयास प्रबंधन ने शुरू कर दिया है. इस सप्ताह जहां न्यू बॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट शुरू हो रही है, वहीं एनबीएसयू के साथ सदर अस्पताल में 10 बेड के कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) की भी शुरूआत होनेवाली है. तैयारी अंतिम चरण में है. अधिकारियों के अनुसार इस माह के अंत तक सदर में एमटीसी काम करने लगेगा. यहां कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाएगा. इन बच्चों को इस सेंटर में उपचार के साथ पोषाहार भी दिया जाएगा. फोटोथैरेपी तक की होगी व्यवस्था सदर में जल्द ही फोटोथेरेपी की भी व्यवस्था होगी. विशेषज्ञ की निगरानी में बच्चों का इलाज किया जाएगा. अधिकारियों के अनुसार इस यूनिट के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जा रहे हैं. जल्द मरीजों को इसका लाभ मिलने लगेगा. सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि जन्म से ही बीमार बच्चों को यहां भर्ती किया जाएगा. सिविल सर्जन खुद इसे गंभीरता से ले रहे हैं. जल्द ही सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिलने लगेगा.

### धनबाद : पर्यूषण महापर्व के तीसरे दिन मनाया गया उत्तम आर्जव धर्म



धनबाद। दस दिवसीय पर्यूषण महापर्व का तीसरे दिन गुरुवार 21 सितंबर को उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया गया. सर्वप्रथम ऋषभ देव भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और दशलक्षण की पूजा की गई, जिसमें समाज के सभी महिला पुरुष उपस्थित थे. अनुष्ठान में मौजूद प्रमोद जैन व विनोद गोधा ने आर्जव धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि मन, वचन व कर्म में कुटिलता का त्याग करना ही आर्जव धर्म है. इस आर्जव धर्म के धारण करने से गलत कर्मो का नाश हो जाता है. इसलिए प्रत्येक प्राणी को सरल स्वभाव रखना चाहिए . आज के कार्यक्रम में विनीत जैन, संतोष जैन, विनोद गंगवाल, आकाश जैन, स्वाति जैन , करुणा जैन, तारा देवी जैन ,पायल शाह, संतोष देवी आदि उपस्थित थे. महापर्व के सभी कार्यक्रम ग्वालियर से आये पंडित मुन्ना लाल जी के मार्ग दर्शन पर पूरे किये जा रहे हैं.

## रामगढ़ उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# चेकनाकों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने विगत एक माह में अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल सहित अन्य एजेंसियों के महाप्रबंधकों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें अच्छी तरह से बंद कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को वन भूमि एवं गैरमजरूआ सहित अन्य सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध खनन, ईट भट्टों का संचालन न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने वर्तमान में गैरमजरूआ सहित अन्य सरकारी जमीनों पर चल रही अवैध गतिविधियों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में संचालित कारखाने में 24x7 सीसीटीवी कैमरों का चलना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने औचक रूप से कारखानों की जांच कर किसी प्रकार की अवैध गतिविधि के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही बिजली पर रोक के मद्देनजर स्थलों को चिन्हित कर अवैध रूप में इस्तेमाल किए जा रहे हैं विद्युत ट्रांसफार्मरों को हटाने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने जिले में वर्तमान में संचालित चेक नाकों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को रेलवे/निजी साइडिंग पर विशेष ध्यान देने एवं किसी भी तरह का अवैध परिवहन अथवा गतिविधि संचालित नहीं होने देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, जिला खनन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की हुई पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवम रांची रोड स्तिथ श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के तीसरे दीन 21 सितम्बर को उत्तम आर्जव धर्म की विधिपूर्वक पूजा अर्चना संपन्न हुई । तीसरे दिन रामगढ़ में जलाभिषेक का सौभाग्य मांगीलाल चूड़ीवाल, अशोक चूड़ीवाल, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, राजेन्द्र चूड़ीवाल,राजेश चूड़ीवाल, प्रतीक चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, सिद्धार्थ चूड़ीवाल को मिला । जबकि रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य प्रमोद सेठी व नीरज सेठी को प्राप्त हुआ । रामगढ़ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में तीसरे दिन शांतिधारा का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल व ललीत चूड़ीवाल को प्राप्त हुआ। रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में शांतिधारा का सौभाग्य प्रमोद व नीरज सेठी को प्राप्त हुआ । वहीं, संध्या महाआरती का सौभाग्य सुरेश सेठी परिवार को मिला । मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन एवम मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया की 22 सितम्बर को उत्तम शौच धर्म का पूजा संपन्न की जाएगी ।



## परीक्षा देकर लौट रही छात्रा मुन्नी खातून की सड़क हादसे में मौत, गांव में मातम



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहरा खुर्द निवासी 19 वर्षीय छात्रा मुन्नी खातून पति अनवर अंसारी की सड़क हादसे में मौत की खबर से गांव में मातम छा गया। विदित हो मृतका रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही स्थित स्नातक की छात्रा थी और सेमेस्टर दो का परीक्षा देने वह अपने पति के साथ झुमरी तिलैया स्थित झारखंड विधि महाविद्यालय गई थी। परीक्षा समाप्ति के बाद पति पत्नी, पति के बहन घर कोडरमा गये और वापस आने के क्रम में एसपी ऑफिस कोडरमा के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने के कारण गिर गई। जिसमें मुन्नी खातुन गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने घायलावस्था में उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा पहूचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड दिया। लोगों के मुताबिक मृतका की शादी छह माह पूर्व हुई थी। इस हादसे के बाद मायका कोनहरा कला और ससुराल कोनहरा खुर्द गांव में मातम छा गया।

## मुखिया प्रियंका कुमारी एवं पंसस मंजू देवी ने स्कूली बच्चों के बीच किया बैग का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुरझुरी में मुखिया प्रियंका कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी ने गुरूवार को स्कूली बच्चों के बीच शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए बैग का वितरण किया ।मौके पर मुखिया प्रियंका कुमारी ने कहा कि सरकार हर तरह की सुविधा छात्रों को दे रही है ताकि वे बेहतर ढंग से पढ़ाई कर सके। आप मन लगाकर पढ़ें तथा अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रौशन करें ।वहीं वर्ग एक से आठ तक कुल 543 बैग का वितरण किया गया ।इस क्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुंदर यादव ने छात्र-छात्राओं से कहा कि विद्यालय की जो भी सामग्रियां आपको उपलब्ध कराई जाती है उसकी उचित देखभाल करें ताकि वह कम से कम 1 वर्ष तक ठीक रहे। उन्होंने स्कूल द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले ड्रेस, पुस्तक, जूते, बैग आदि के बेहतर रखरखाव के लिए सुझाव दिए। वितरण कार्यक्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुन्दर यादव, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी,प्रबंधन समिति अध्यक्ष लोकनाथ प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद,छोटी लाल प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मी कुमारी समेत अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

## जलयात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** गुरुवार से खोड़ाहर भगवती मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ. कीर्तन प्रारंभ के पूर्व पूजा समिति की ओर से जल यात्रा का आयोजन किया गया. जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर स्थित कीर्तन मंडप पहुंचा. जिसमे शामिल सैकड़ो महिलाओ और श्रद्धालुओ ने स्थानीय छठ तालाब से जल लेकर मंडप स्थल में पूरे विधि विधान के साथ कलश स्थापित किया. उक्त जानकारी कमिटी के अध्यक्ष रंजीत चंद्रवंशी ने दी. उन्होंने बताया कि कीर्तन में आस पास के गांव की कीर्तन मंडली सहित स्थानीय श्रद्धालु भाग लेंगे. शुक्रवार को पूणाहुति और प्रसाद वितरण के साथ अखंड कीर्तन की समाप्ति होगी. अखंड कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है. इससे सुख, समृद्धि और शांति मिलती है. जलयात्रा में सचिव ऋतुराज सिंह, कोषाध्यक्ष शंकर यादव, संयोजक उमेश कुमार सिंह, संरक्षक सरपंच कुलदीप सिंह, परमेश्वर यादव, घनु यादव, गणेश यादव, सुरेश सिंह, डेगन यादव, नारायण सिंह, सह सचिव महेश सिंह, उपाध्यक्ष देव यादव, सह कोषाध्यक्ष ईश्वर दयाल यादव, वरिष्ठ सामाजिक सेविका कविता कुमारी, पूजा समिति के सदस्य नरेश यादव, संतोष सिंह, संदीप सिंह, प्रमोद यादव, महेंद्र यादव, शशि सिंह, हरिताभ यादव, मुरारी भुइयां सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे.

## अग्नि वीर इंडियन आर्मी परीक्षा में रोशन राणा ने पाई सफलता,परबत्ता मंदिर में किया गया स्वागत



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम परबत्ता निवासी रौशन राणा, पिता महेन्द्र राणा का अग्निवीर इंडियन आर्मी (भारतीय फौज) में चयन होने से लोगों में हर्ष का माहौल है। इंडियन आर्मी में चयन होने के बाद बरकट्ठा पहुंचने पर रौशन राणा का लोगों ने भव्य स्वागत किया। लोगों ने बाजे गाजे के साथ बरकट्ठा मेन रोड में जुलूस निकाला जिसमें दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे। साथ ही हनुमान मंदिर प्रांगण में स्वागत समारोह आयोजित किया। विदित हो कि रोशन राणा के पिता बढ़ई का कार्य करते हैं। वहीं मेहनत और लग्नशीलता से अपने लक्ष्य को निर्धारित कर इन्होंने इस परीक्षा में सफलता पाई। सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया ।मौके पर झारखंड आंदोलन कारी धीरेन्द्र पांडेय, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, बबलू पांडेय, महेश मंडल, श्रीकांत पांडेय, बीरेन्द्र राणा, दीपक राणा, बैजनाथ महतो समेत अन्य लोगों ने रौशन राणा का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। रौशन राणा बचपन से ही देश सेवा की भावना के साथ अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे। जिसने अग्निवीर में भर्ती होकर बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मांग किया है.

## बड़कागांव की निशि पांडे समर्थकों के साथ भाजमो का थामा दामन




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव की निशि पांडे ने गुरुवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ गुरुवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की. सदस्यता पार्टी के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दिलाई. सदस्यता पर्ची पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने काटी. सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशि पांडे ने कहा कि सरयू राय से ज्यादा ईमानदार राजनेता और मुद्दों की राजनीति करने वाला शख्स उन्होंने आज तक नहीं देखा. सरयू राय जिस मुद्दे को उठाते हैं, उसे अंजाम तक जरूर पहुंचाते हैं. इसी फाइटिंग स्पिरिट से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनतंत्र मोर्चा ज्वाइन किया है. उन्होंने आश्वस्त किया कि बड़कागांव क्षेत्र में कोई घर ऐसा नहीं होगा, जहां भाजमो के लोग नहीं होंगे. वे लोग पार्टी का प्रचार-प्रसार अपनी क्षमता से बढ़ कर करेंगे. पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि निशि पांडे के पार्टी ज्वाइन करने से एक पॉजीटिव वेब का निर्माण हुआ है. वह सदैव सामाजिक कार्यों में बड़कागांव में लगी रहती हैं. मौके पर अशोक ठाकुर, संतोष पांडे, शंभू शिंघो आदि सदस्य बना रहे थे. इस मौके पर अशोक मुंडा, अभिजीत सोरेन, अवधेश किशोर कांत, अमित नायर, सुरजीत गुप्ता, श्रवण कुमार, विक्की महतो, लव कुमार, विमल कुशवाहा, सुनील कुमार नायक, एमडी सराफ, धनंजय कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, सरवन कुमार, अमरनाथ सिंह, कुश कुमार, शिवू डांगी, अमित साव, बाबू मंडल, अश्विनी कुमार सोनी आदि ने भी पार्टी की सदस्यता ली.

## दिगंबर जैन मंदिर में मना उत्तम आर्जव धर्म



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर के दोनों दिगंबर जैन मंदिरों में दशलक्षण पर्यूषण पर तीसरे दिन गुरुवार को उत्तम आर्जव धर्म मनाया गया. प्रातः दोनों दिगंबर जैन मंदिरों में श्री जी का अभिषेक, शांति धारा और पूजन, पाठ व विधान का कार्यक्रम हुआ. विद्वान पंडित नयन जी शास्त्री सांगानेर ने अपने मंगल प्रवचन में उत्तम आर्जव धर्म पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि सांसारिक दुःख से मुक्ति तो बहुत सरल है. मोह तो सारे मन के हैं, इच्छाओं के हैं, इंद्रीय विषयों के हैं. कश्याओं के संस्कारों के हैं, भीतर बैठी मान्यताओं के हैं, खुद की गढ़ी धारणाओं और कल्पनाओं के हैं. अब जब एक बार रुचि आत्मा की ओर मोड़ ली, तो सब कुछ सरल लगने लगा. पंडित नयन जी शास्त्री अपने मंगल प्रवचन में भक्तामर स्त्रोत की महिमा का गुणगान किया. पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य विजय लुहाड़िया ने बताया कि संध्या महाआरती, णमोकार जाप और पंडित जी का मंगल प्रवचन हुआ. फिर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ. शुक्रवार को उत्तम शौच धर्म मनाया जाएगा. इधर हजारीबाग के अशोक जैन विनायका की सुपुत्री रिया जैन विनायका ने दशलक्षण महापर्व के अवसर पर कोलकाता में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ डांडिया नृत्य किया. इसके लिए पूरे जैन परिवार ने रिया को बधाई दी है.

## जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**रामगढ़।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के सुभाष चौक के निकट सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जाँच अभियान के दौरान बाइक चालकों से हेलमेट, इंश्योरेंस, प्रदूषण, फिटनेस, टैक्स, लाइसेंस, ट्रिपल राइड आदि की जांच की गई एवं त्रुटि पाए जाने वाले करीब 10 बाइक चालकों से 15000 रुपए का चालान वसूला गया। मौके पर मौजूद सड़क सुरक्षा की टीम द्वारा यातायात के नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित बुकलेट बाटकर लोगों को जागरुक भी किया गया। साथ ही नियमों का उलंघन करने वालो को भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत गई। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि बाइक एक्सीडेंट होने पर चालक के साथ साथ पीछे बैठे सवारी को भी चोट लगती है,इसलिए चालक एवं सवारी दोनों को हेलमेट पहनना एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे किसी भी हालत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को दो पहिया वाहन ना चलाने दें । उन्होंने बताया कि जिले भर में दुर्घटनाओं को कम करने के मद्देनजर वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

## विद्युत चोरी को लेकर 18 लोगों पर केस दर्ज

**बरकट्ठा।** चलकुशा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मस्केडीह में बिजली ऊर्जा चोरी को लेकर 18 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें गुलाम रसूल, हाजी जमील अहमद, वसीम अकरम, मुख्तार मियां, अजमत अंसारी, सफीक अंसारी, वसीम अहमद, सरफुदिन अंसारी, नौशाद अंसारी, जसीम अंसारी, मुमताज अली, अब्बास अंसारी, भुवनेश्वर महतों, मुमताज अली, फैजुल अंसारी, मो0 मिन्हाज उद्दीन, सदाकत अंसारी, अमजद अंसारी शामिल है। इस मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आंनद ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कहा कि विधुत ऊर्जा चोरी रोकथाम हेतु छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें ओमकार जायसवाल, कनीय विद्युत अभियंता चौपारण समेत अन्य लोग शामिल थे।

## मारपीट व गाली गलौज करने के आरोप में दो भाई को गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरही ।** मार पीट और गाली गलौज करने के आरोप में बरही पुलिस ने दो भाईयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह ने बताया कि दोनो भाई में एक विकास कुमार और दूसरा रोहित कुमार पिता किशोरी महतो है. जो बरही थाना अंतर्गत बरसोत का रहने वाला है. दोनो ने मारपीट कर एक व्यक्ति को जख्मी कर दिया था, जो फिलहाल बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल ने इलाजरत है.

## बाइक की चोरी, भुक्तभोगी ने थाना में दिया आवेदन

**बरही ।** बीते रात्रि मलकोको गांव से बाईक संख्या खल्र 02इल्र 8891 के चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर भुक्तभोगी बाईक मालिक मो सराज अंसारी ने बरही थाना में सनहा के लिए आवेदन दिया है. आवेदन के आधार पर भुक्तभोगी ने बुधवार की रात्रि अपने घर के बरामदे में अपना बाईक खड़ा किया था. जो सुबह में नहीं था. जिसे किसी अज्ञात के द्वारा चोरी किया जा चुका है. भुक्तभोगी के अनुसार उनकी दोपहिया रात्रि डेढ़ बजे तक उक्त स्थल पर थी. इससे स्पष्ट है कि अपराधियों ने घटना को डेढ़ बजे के बाद ही अंजाम दिया है. उन्होंने पुलिस से मामला दर्ज करते हुए उचित छान बीन कर चोरी गए बाईक की बरामदगी की मांग किया है.

## पूर्व जिप उपाध्यक्षा चंदन देवी गणपति पूजा में हुई शामिल, अमन चैन की मांगी दुआएं

**बरकट्ठा।** प्रखंड़ क्षेत्र के ग्राम कल्हाबाद में गणपति पूजा हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। वही पूजा पंडाल को आकर्षक लाइट व साउंड से सजाया गया था। पूजा के क्रम में भगवान गणेश के मधुर भजनों से आसपास का वातावरण गूंजयमान रहा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्षा चन्दन देवी सम्मिलित होकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों की सुख,समृद्धि व अमन चैन की कामना भगवान गणेश से की।मौके पर पूर्व पंसस महेंद्र प्रसाद, प्रकाश सिंह, अरुण साव, उपेंद्र शर्मा, रामेश्वर चौधरी, झरि पंडित, तुलसी राम कर ठाकुर, लीलधारी पासवान, महेंद्र राम, दुलारचंद यादव महेंद्र ठाकुर, संतोष ठाकुर, सुधीर कुमार, रामु कुमार, जितेन्द्र चंद्रवंशी, संतोष राम, किशुन राम चंद्रवंशी, विजय चंडरवंसी, पंकज चंदवंसी, बसंत चंद्रवंसी आदि उपस्थित थे।

**स्वागत**

## रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

# हिंदी को राष्ट्रभाषा की दर्जा नहीं मिलना चिंतनीय : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** बुधवार को रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ और मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने उपस्थित प्राध्यापको संग केक काटकर किया. जिसका संचालन हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ हिरामन साहू ने किया. अपने अपने संबोधन में प्राचार्य ने वर्तमान स्थिति में हिंदी की प्रासंगिकता और आवश्यकताओं पर चर्चा किया. उन्होंने बताया कि 1953 से देश में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है परंतु हिंदी को आज तक राष्ट्रभाषा का दर्ज नहीं मिलना विचारणीय है. अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ संजय वर्णवाल ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार के शासनकाल में विश्व में हिंदी की प्रतिष्ठा बढ़ी है. जिससे हिंदी को राष्ट्रभाषा बनने की दिशा में उम्मीद जगी है. अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ अजय प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी हजारों साल की भाषा है. मंच संचालन कर रहे डॉ साहू ने कहा कि हिंदी में डेढ़ लाख से भी शब्दों के भंडार हैं. हिंदी हमारे जन्म की भाषा है. मौके पर अन्य प्राध्यापकों ने भी हिंदी के पक्ष में अपने महत्वपूर्ण विचार रखते हुए हिंदी को राष्ट्रभाषा दिलाने की वकालत की. कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिंदी भाषण और हिंदी हूं नामक कविता की महत्वपूर्ण प्रस्तुति से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया. इतिहास विभागगाध्यक्ष डॉ अरुणा रानी, राजनीतिशास्त्र विभागगाध्यक्ष डॉ अजय रविदास, समाजशास्त्र केविभागगाध्यक्ष डॉ गिरिधारी लाल यादव, कामर्स विभागगाध्यक्ष डॉ ब्रह्मदेव मोदी, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ नय्यर इकबाल, भूगोल विभागगाध्यक्ष डॉ अरूण कुमार रामानुज, दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ सरिता सिन्हा, डॉ बद्री साव, डॉ सुषमा कुमारी, संजय कुमार बख्शी, डॉ संगीता चौधरी, डॉ अशोक कुमार, संजय कुमार बख्शी, अंजलि कुसूम ओम, डॉ सीमा सिन्हा, अब्बास अंसारी, जागेश्वर यादव, महेश यादव, तमन्ना परवीण, शिक्षकेत्तर कर्मी प्रधान लिपिक दिनेश्वर प्रसाद यादव, लेखापाल नागेश्वर यादव, सुमित्रा कुमारी, आनन्द कुमार मौर्य, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, राजू यादव, महेन्द्र ठाकुर, गामा कपरदार, हरेन्द्र सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष निजामुद्दीन अकेला, अर्चना कुमारी, गीता, रीना सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.



## सिमडेगा में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह, बोले

# लुटेरे-भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में लगी हुई है राज्य सरकार







**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा गांधी मैदान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा संकल्प यात्रा के तहत सिमडेगा विधानसभा स्तरीय जनसभा को संबोधित किया ।मौके पर उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बनने के बाद महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुवा है,महिलाओं का बैंक में खाता नही था जीरो बेलेंस में मोदी जी ने खाता खुलवाया,लॉक डाउन में प्रधानमंत्री ने जन धन में पैसा डाला लोगो को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया,देश के प्रधानमंत्री गरीब महिलाओं सबकी चिंता करते हैं, रक्षाबंधन के त्यौहार में गैस सिलेंडर का दाम कम किये,बहुत दिनों से महिला आरक्षण की मांग हो रही थी जिसे प्रधानमंत्री जी ने पास किया।60 वर्षों के शासन में कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल नहीं ला पाई। पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 9 वर्षों के शासन में महिला बिल पास करवा दिए।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लाया गया जिसमें बढ़ाई कर्मकार आदि समुदाय को बड़ा तोहफा दिया।लेकिन झारखंड सरकार के साढ़े तीन साल के कार्यकाल में सिमडेगा में कोई विकास कार्य नही हुवा।भाजपा ने अलग झारखंड राज्य बनाया शिबू सोरेन ने तो झारखंड आंदोलन को बेच दिया। जिसके वजह से उन्हें तिहाड़ जेल भी जाना पड़ा,जब झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी ।इन्होंने झारखंड को लूटने का काम किया।जब ईडी बुला रही है तो ये आदिवासी होने का बहाना बना रहे हैं,कानून की नजर में सब बराबर होते हैं।झारखंड में कानून का राज नही चोरी डकैती हत्या का राज है।कानून के रखवालों को ये सरकार वसूली अभियान में लगा रखा है।ये सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करती है ।सिमडेगा के बेसराजारा में हुए संजू प्रधान में पीड़ितों को न्याय नही मिला अब तक। क्योंकि आरोपियों को सरकार बचाना चाहती है।पीड़ित परिवार के मांग पर सरकार क्यों नही मामले की सीबीआई जांच करवाई।झारखंड में जब प्रतिबंध पशु हत्या बंद है तो सरकार क्यो गोकसी को बढ़ावा दे रही है क्यो नही दोषियों पर कारवाई हो रही है। उल्टे गांव वालों पर केस कर दबाव बनाया जा रहा है मै प्रसाशन से आग्रह करता हूँ कि मामले की निष्पक्ष जांच हो। अफसर ये जान लें कि ये सरकार जाने वाली है।जो अफसर टूल्स की तरह काम करेंगे उन्हें बख्सा नही जाएगा।झारखंड में कानून का राज ही नही है मेरी सरकार हो या अर्जुन मुंडा या रघुवर दास की सरकार हो पुलिस यही थी पर शासन व्यवस्था इस तरह नहीं थाझारखंड में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए इस सरकार की बिदाई करनी जरूरी है। इस सरकार को धूमधाम से बिदाई किया जाएगा इसीलिए अफसर पक्षपात न करें।आने वाले समय मे पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली में एवं पूर्ण बहुमत के साथ झारखंड में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

### स्थानीय जनप्रतिनिधि-अफसर के गठजोड़ से हो रहा है सीएनटी एक्ट का उल्लंघन : विमला प्रधान



पूर्व मंत्री सह संकल्प यात्रा के जिला संयोजक विमला प्रधान ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन सरकार एवं जिले में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि चुन कर आये हैं,एक विशेष धर्म के प्रति उनकी दुर्भावना बनी हुई है।आये दिन सदानो को प्रताड़ित किया जा रहा है, पिछले दिनों बानबिरा गोकसी घटना में उल्टे सदानो पर ही केश कर उनकी गिरफ्तारी का दबाव प्रशासन पर बनाया जा रहा है,सीएनटी एक्ट की बातें करने वाले स्थानीय जनप्रतिनिधि खुद अफसरों से गठजोड़ कर जमीन की दलाली कर रहे हैं।गैरमजुरवा जमीन पर जबरजस्ती लाश गडवा कर क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व विधायक निर्मल कुमार मिश्रा जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया वहीं स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने की।मंच संचालन महामंत्री दीपक पूरी ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव ने किया। मौके पर द छोटानागपुर संकल्प यात्रा प्रभारी विनय लाल ,जिला सयोंजक विमला प्रधान, जिला सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव, सिमडेगा विधानसभा सहसंयोजक ओम प्रकाश साहू, श्रद्धानंद बेसरा, संजय ठाकुर ,राकेश रविकांत ,अनूप प्रसाद ,सतीश पांडेय श्रीलाल साहू, मनोज साय प्रणव कुमार तुलसी साहू रवि गुप्ता मुकेश श्रीवास्तव कृष्णा ठाकुर मण्डल अध्यक्ष क्रमशः सत्यनारायण प्रसाद गोपाल केशरी, कृष्णकांत सिंह मानकीलाल ,देवकीनंदन साय, मनिंदर बिंझिया, घनश्याम सिंह, अजय सिंह बसंत मांझी, महेश साहू, हीरा राम सुधु नायक ,सावित्री देवी, पिंकी प्रसाद रुक्मणि देवी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनता मौजूद थे।

### डीसी ने की राजस्व-भू अर्जन कार्यो की समीक्षा

## राजस्व वसूली में किसी तरह की कोताही न बरतें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व, नीलाम पत्र एवं भू-अर्जन विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों की राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की जिसमें मत्स्य, उत्पाद, खनन, वन प्रमण्डल, परिवहन, राज्य-कर, नगर परिषद्, विद्युत, निबंधन एवं नीलाम पत्र से संबंधित हैं। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए प्राप्त विभागीय लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर शत-प्रतिशत राजस्व वसूली को पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में किसी तरह की कोताही नहीं बरतें, आंतरिक संसाधनों से राजस्व को बढ़ायें, प्रशासनिक क्रियाकलाप में राजस्व संग्रहण काफी महत्वपूर्ण कार्य है, इसकी गंभीरता को समझते हुए सभी पदाधिकारी कार्य करें। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को नगर क्षेत्र अंतर्गत होल्डिंग, होर्डिंग का कर एवं अन्य से संबंधित वसूली कर राजस्व को बढ़ाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने अंचलवार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए दाखिल खारिज, सीमांकन, लगान, अवैध / संदिग्ध जमाबंदी का रद्दीकरण/ नियमितिकरण, आपसी बँटवारा / उत्तराधिकारी बँटवारा, तहसील कचहरी, नीलाम पत्र सहित अन्य राजस्व से संबंधित कार्यों की ससमय लक्ष्य प्राप्त करने कि दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## बिजली समस्या पर कोलेबिरा विधुत कार्यालय पहुंचे पूर्व मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के डोमटोली पंचायत अंतर्गत कंदरडेगा गांव में बिजली बिल अनियमितता एवं बिजली की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा ग्रामीणों से बैठक की थी ।जिसके बाद गुरुवार को समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ कोलेबिरा स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय ग्रामीणों के साथ पहुंचे। जहां पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जब से बिजली लगी है उससे पहले से बिजली बिल दिया जा रहा है ।जो कि कहीं ना कहीं विभाग की लापरवाही है ।ऐसे में ग्रामीण बिजली का बिल नहीं भर पाएंगे ।पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि विभाग की लापरवाही का दँश ग्रामीण झेल रहे हैं जो कि झारखंड पार्टी सहन नहीं करेगी। सिमडेगा क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता है। एवं ग्रामीणों के साथ विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता को बातें रखी जिस पर उन्होंने समाधान करने की बात कही।पूर्व मंत्री ने कहा कि आज बिजली की समस्या से पूरा जिला त्रस्त है और मेरे पास ग्रामीणों की जो भी समस्या आती है मेरा प्रयास रहता है कि उस समस्या को जल्द से जल्द दूर करा सकें इसी को लेकर आज ग्रामीणों के साथ कोलेबिरा के विद्युत अनुमंडल कार्यालय में आया हूं सहायक विधुत अभियंता से बात करने पर उन्होंने आश्वस्त किया कि अपने कर्मचारियों को ग्रामीणों के बीच भेज कर जल्द से जल्द मामले को निपटाने का प्रयास करूंगा।

## कोलेबिरा स्टेडियम में झारखंड पार्टी के युवा कार्यकर्त्ता की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के स्टेडियम में गुरुवार को झारखंड पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित हुए ।इस बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत से युवा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की पूरे प्रखंड में झारखंड पार्टी के युवा समिति को सशक्त बनाने के लिए पूर्वी और पश्चिम दो भागो में बाटा गया ,दोनों भाग में के अलग-अलग जवाबदेही कार्यकताओं को दी गई ।अपने संबोधन में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि आज पूरा देश की बागडोर को आगे ले जाने में युवाओं का अहम भूमिका होता है ।युवा अपने अनुभव और शिक्षा का प्रयोग करते हुए, अपने क्षेत्र अपने प्रदेश और अपने देश को आगे बढ़ा सकते हैं ।इसलिए झारखंड पार्टी युवाओं को आगे लेकर चल रही है ।साथ ही दोनों ही भागों के कार्यकताओं को सलाह दिया गया की आप एक तिथि निर्धारित करते हुए दोनों ही भाग की कमेटी को तैयार करें और जल्द ही एक वृहद युवा सम्मेलन के लिए संगठन को मजबूत करें ।झारखंड पार्टी जल्द ही पूरे जिले में प्रत्येक प्रखंड में युवा सम्मेलन करने जा रहे हैं। सभी बैठक के साथ-साथ पंचायत और बूथ स्तर तक की कमेटी तैयार करें। युवा सम्मेलन की तिथि जिला संगठन को बताएं बैठक में पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बदरुद्दीन अहमद, झारखंड पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष शुगड जड़िया आदि उपस्थित थे।

**दौरा**

### विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुरडेग पहुंचे विधायक, बोले

# जनता की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा गुरुवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुरडेग प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मौके पर विधायक ने परकला, डुमरडीह, नवाटोली, लीटीमारा आदि गांव पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों के सभी समस्याओं को जल्द दूर कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि वे ग्रामीणों की सभी समस्याओं को दूर करने की दिशा में कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एकजूट रहें। महागठबंधन की सरकार जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। ग्रामीण योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें। अगर योजना का लाभ लेने में किसी तरह की कोई परेशानी हो रही है, तो उनसे संपर्क करें। उन्होंने कहा कि विधायक और सरकार आपका है। आपकी सेवा के लिए है। जनता की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को भी कांग्रेस के साथ जुड़ने की अपील की।मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कुरडेग पीएचसी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के लिए व्याप्त सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सीय लाभ दें। मरीजों के साथ मधुर व्यवहार रखें। विधायक ने एमटीसी केन्द्र का भी निरीक्षण कर वहां भर्ती कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। साथ ही अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को एमटीसी केन्द्र में भर्ती कर उपचार करने का निर्देश दिया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी हर्ष बरला, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,विजय बेग,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिस खलखो आदि उपस्थित थे।



## पीएम विश्वकर्मा योजना में शामिल हुई रानी मिस्त्रियों से अगुस्टीना सोरेंग ने की मुलाकात



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय प्रदर्शनी तथा पीएम विश्वकर्मा लांच के अवसर पर सिमडेगा की दो ₹रानी मिस्त्रियों₹ प्रफुल्लित कूजूर तथा कमला देवी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को दिल्ली में लगे प्रदर्शनी स्थल पर मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया था।सामाजिक कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने रानी मिस्त्रियों संग मुलाकात कर उन्हें संविधान तथा अंगवस्त्र देकर सिमडेगा का मान बढ़ाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि प्रफुल्लित कुजूर 2019 में भी राष्ट्रपति के हाथों ₹रानी मिस्त्री ₹ का काम करने के कारण सम्मानित हो चुकी हैं। इस मौके पर अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि जब भी महिलाओं को अवसर एवं मौका दिया जाता है। महिलाएं बेहतर से बेहतरीन करती हैं। इसलिए समाज को तथा परिवार को महिलाओं को काम करने का अवसर तथा साथ जरुर देना चाहिए। ये दोनों रानी मिस्त्रियां प्रफुल्लित एवं कमला मिसाल हैं कि महिलाएं सबकुछ करने में सक्षम हैं जरुरत है उन्हें स्वस्थ माहौल एवं अवसर दिएं जाएं। स्वच्छ भारत मिशन सिमडेगा तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा के इस पहल से कई महिलाओं का जीवन निश्चित रुप से बदला है तथा महिलाएं सशक्त हुईं हैं।

## प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा शुरू हुई मल्टी फंक्शन ऑफिस असिस्टेंट कोर्स

सिमडेगा। जिला नियोजनालय सिमडेगा के तत्वाधान में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सौजन्य से करियर परामर्श एवम मार्गदर्शन केंद्र सिमडेगा में मल्टीफंक्शन ऑफिस असिस्टेंट कोर्स का पहला बैच की निशुल्क कक्षाएं संचालित हो रही है। इस कोर्स की समयावधि 45 दिनों की है। इसमें छात्र छात्राओं के ग्रूमिंग , कंप्यूटर नॉलेज, ऑफिस मैनेजमेंट एवम इंग्लिश स्पीकिंग पर काम किया जा रहा है । इस कोर्स की समाप्ति के बाद छात्र छात्राओं को 100% प्लेसमेंट दिया जाएगा।साथ ही साथ यहां कंप्यूटर का भी बेसिक कोर्स कराया जाता है।

## सिमडेगा कॉलेज में योगा चैंपियनशिप 24 से

सिमडेगा। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आगामी 24 सितंबर को सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय योगा चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है ।जानकारी देते हुए जिला महिला पतंजलि योग प्रभारी सह सिमडेगा जिला योगासन स्पॉट संगठन के सचिव पूजा नायक ने बताया है कि उक्त प्रतियोगिता में सब जूनियर जूनियर सीनियर एवं सीनियर भी के तहत प्रतियोगिता होगी वहीं प्रतियोगिता में 150 रुपया रजिस्ट्रेशन शुल्क रखा गया है। उन्होंने कहा है कि जो इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वह समय से संपर्क करें ताकि प्रतियोगिता में भाग ले सके।।

## आजसू पार्टी की कुरडेग में हुई बैठक, जयप्रकाश सिंह बने प्रखंड अध्यक्ष



**सिमडेगा।** आजसु पार्टी की आवश्यक बैठक गुरुवार को कुरडेग में बैठक रखा गया। आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष धूपेन्द्र पांडे के नेतृत्व में आजसू पार्टी प्रखण्ड कमिटी का पुर्नगठन एवं विस्तार किया गया। इसमें प्रखण्ड अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह,सचिव दिलीप गुप्त एवं लुबरन खड़िया को प्रखण्ड कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी के साथ आगामी 29 से 1 अक्टूबर को होने वाले आजसू पार्टी राज्यस्तरीय महाधिवेशन पर चर्चा किया गया एवं कुरडेग प्रखण्ड के सभी पंचायतों और ग्रामों से सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का संकल्प लिया गया। मौके पर जिला सचिव विकास बड़ाईक, वरिय उपाध्यक्ष अनिल मेहर, छात्र संघ जिला अध्यक्ष फूलसिंह बड़ाईक,हीरालाल खेरवार,कैलाश राऊत,पेचा राऊत,अमर साय,प्रकाश राऊत,उपेन्द्र साय,शंकर साय,दशरथ साय,चंदन साय व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गणेश पूजा कुंज नगर समिति ने किया भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन




**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के कुंज नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित गणेश पूजा समिति कुंज नगर की ओर से बुधवार की देर शाम भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करते हुए पूर्व वार्ड पार्षद वैजयंती देवी, मंदिर समिति के अध्यक्ष राम जी यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका पायल बनारसी के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं इसके अलावा गायक सोनू राज के द्वारा गणेश वंदना सहित कई भजनों की प्रस्तुति की, इसके अलावा पूनम सिंह के द्वारा भी एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत की ।जहां पर श्रोता रात भर झूलते रहे। वही बताया गया कि यहां पर तीन दिवसीय गणेश महोत्सव की गई थी गुरुवार को बड़े ही धूमधाम के साथ भक्ति गीतों में झूमते हुए पूरे शहर का भ्रमण कर डिप्टी टोली स्थित तालाब में भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जन किया गया। इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति कुंज नगर के सभी सदस्यों की भूमिका रही।

## जामपानी पल्ली में मनाया गया क्रूस विजय पर्व जम्मू जिला अध्यक्ष हुए शामिल

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जामपानी पल्ली अंतर्गत कोरवाटोली मंडली के उड़ीसा झारखंड के पहाड़ी मे कोरवा टोली पवित्र क्रूस टोंगरी पर पवित्र क्रूस विजय पर्व मनाया गया। शुरूआत क्रूस रास्ता से किया गया।तत्पश्चात कोरवा टोली मंडली के बहनों के द्वारा प्रवेश नाच के साथ मिस्सा पूजा शुरू हुई। रसाल डूंगडूंग की कोयर ग्रुप के भक्तिमय गीतों से कोरवा टोली के भाई बहनों ने माहौल को और भी भक्तिमय बनाया। आज के मिस्सा बलिदान को जामपानी के सहायक पुरोहित फादर संदीप कुमार खेस ने चढ़ाए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यहां के मंडली प्रचारक फ्रांसिस बागे के अगुवाई में सभी मंडली के प्रचारक गण ,हेड प्रचारक विलियम केरकेट्टा ,टोबियास सोरेंग और मंडली के भाई-बहनों, बेटियों ने अपनी योगदान दिया। मिस्सा पूजा समाप्ति के बाद मेहमानों का स्वागत किया गया जिसमे आज के मुखिया अतिथि के रूप में जेएमएम के जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना उपस्थित हुए ।अपने सम्बोधन में अनिल कंडुलना ने कहा ईश्वर अपने पुत्र को इस संसार में दोषी ठहराने नहीं बल्कि मानव जाति के पापो के उद्दार के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को काथलिक कलीसिया पवित्र क्रुस का महापर्व मनाती है। इसी पवित्र क्रुस के द्वारा येसु ने हमारी मुक्ति की है और हमे पापों के बंधन से मुक्त किया है। यह ईश्वर के असीम प्रेम का एक महान चिह्न है। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर थॉमस सोरेंग,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील सुरीन आदि उपस्थित हुए।

### खिलाड़ियों के सम्मान में मंत्री ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भोज का आयोजन

# खेल हब के रूप में विकसित होगा गढ़वा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान गढ़वा में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं खिलाड़ियों के सम्मान में गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विजेता एवं उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा में मौजूद सभी खिलाड़ियों सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। बाहर से कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान मंत्री ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अन्य लोगों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।




मौके पर मंत्री ने कहा कि गढ़वा में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट बहुत ही बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन में आयोजन समिति, सभी जिलों के खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा जिला फुटबाल संघ, एथलेटिक्स संघ, अन्य सभी खेल संघों के पदाधिकारी, सदस्य, जिले के अधिकारी एवं झामुमो कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोगों आदि सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि यदि लोगों का इसी तरह से सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में और भी बड़े स्तर पर खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा खेल हब के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पूरे राज्य में खेल एवं खिलाड़ियों को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के खिलाड़ी सिर्फ देश में ही नहीं पूरे विश्व में झारखंड का परचम लहराएं। मौके पर मुख्य रूप से आईजी राजकुमार लकड़ा, उपयुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, रंका एसडीओ राम नारायण सिंह, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जितेंद्र सिन्हा, कंचन साहू, आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह गढ़वा, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी, चंद्रचूड़ सिंह, राजकमल तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, आशुतोष पांडेय, राजा सिंह, दिलीप गुप्ता, नसीम अख्तर, विकास पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मृतका के घर पहुंचे मंत्री मिथिलेश परिजनों को किया आर्थिक सहयोग

**गढ़वा।** प्रखंड के करके ग्राम निवासी सुनील राम की 22 वर्षीया पत्नी ममता देवी की प्रसव के दौरान हुई मौत की खबर मिलने के बाद विधायक एवं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गुरुवार को मृतका के घर पहुंचे। वहां उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए अनाज एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मंत्री ने सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह को इस मामले में जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही बीडीओ कुमुद कुमार झा को अंबेडकर आवास, पारिवारिक लाभ सहित अन्य सुविधा परिजनों को तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि गांव की सहिया सीता देवी सुनील राम की पत्नी ममता देवी को प्रसव के लिए शहर के सौम्या नामक अस्पताल में ले गई थी, जहां प्रसव के दौरान ममता की मौत हो गई। मंत्री ने बिचौलियागिरी कर निजी अस्पताल में ले जाने वालों के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मौके पर बीडीओ कुमुद कुमार झा, सीओ कुमार मयंक भूषण, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, भागीरथी सिंह, फुजैल अहमद, आराधना सिंह, आशुतोष पांडेय, मुखिया नारद तिवारी, अरुण दुबे, नीरज तिवारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



# प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने की पीएचसी में डॉक्टर की पदस्थापना कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने गुरुवार को रांची में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने केतार प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से दोनों मंत्री को अवगत कराया और जल्द समस्या समाधान कराने का आग्रह किया है।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से केतार प्रखंड के पाचाडुमर गांव में निर्मित दस बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना कर अस्पताल शुरू कराने का आग्रह किया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि है 2.35 करोड़ रुपये की लागत से बने अस्पताल का उद्घाटन 4 वर्ष पूर्व ही हुआ है, लेकिन डॉक्टर की पदस्थापना नहीं होने से अस्पताल में अब तक ताला लटक रहा है, जिससे प्रखंड की लगभग एक लाख की आबादी को स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से केतार अंचल में अंचलाधिकारी का पदस्थापना कराने और शुलभ शौचालय का निर्माण कराने का आग्रह किया है। उन्होंने मंत्री से कहा की 18 माह से केतार में अंचलाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा है। इससे आम ग्रामीणों को भूमि संबंधित समस्याओं का निबटारा समय पर नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। मौके पर राजनाथ राम, ललू राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।





## स्वास्थ्य मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर उनके सामने रखी खरौंधी प्रखंड की समस्याएं

**खरौंधी।** प्रखंड के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी श्याम सुंदर राम ने गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता तथा ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर प्रखंड की कई समस्याओं को रखा। बताया गढ़वा जिला के अंतिम छोर पर उत्तर प्रदेश व बिहार की सीमा से सटा हुआ खरौंधी प्रखंड है। प्रखंड में लगभग 80 हजार लोग रहते हैं। उनके इलाज की अभी तक प्रखंड में समुचित व्यवस्था नहीं है। प्रखंड वासियों को स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने के उद्देश्य से खरौंधी में 12 वर्ष पूर्व लगभग 4 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया। लेकिन अभी तक एक भी डॉक्टर का प्रतिनियोजन नहीं किया गया। रखरखाव सही नहीं होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो रहा है। प्रखंड वासियों का इलाज झोला छाप डॉक्टर से या 30 किलोमीटर दूर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कराना पड़ता है। ग्रामीण विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान झामुमो के जिला उपाध्यक्ष लल्लूराम, कमलेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार गौतम, भीम कुमार, अमरेश राम, विजय रावत उपस्थित थे।



# बीडीसी सदस्यों ने प्रमुख के समर्थन में दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के 15 पंचायत समिति सदस्यों ने एसडीओ को आवेदन देकर प्रमुख दीपमाला के खिलाफ दिए गए अविश्वास प्रस्ताव को गलत बताया है। बीडीसी सदस्यों ने कहा कि 15 बीडीसी सदस्य एक साथ हैं। पिछले दिनों कुछ बीडीसी सदस्यों के द्वारा जो अविश्वास प्रस्ताव दिया गया था उसमें कई बीडीसी सदस्यों ने अपनी सहमति नहीं दी थी। उसके बाद भी उनके हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन दिया गया।

बीडीसी सदस्यों ने कहा कि प्रमुख दीप माला की ओर से काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है और प्रमुख से किसी भी तरह की शिकायत नहीं है। हम सभी एक साथ हैं और आगे भी एक साथ रहेंगे। बीडीसी सदस्यों ने कहा कि कुछ लोग हैं जिन्होंने निजी स्वार्थ में इस तरह के अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास किया। प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि सभी बीडीडी एक परिवार है। परिवार सुरक्षित है। कुछ लोगों को गलतफहमी हुई थी जिसे मिल बैठ कर खत्म किया गया है। आज सभी बीडीसी एक साथ हैं। एसडीओ को आवेदन सौंपने वालों में तीसरटेटूका के पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, दुलदुलवा पंचायत समिति सदस्य देवंती देवी, अनीता देवी, सुनिता देवी, प्रमिला देवी, कृष्णदेव प्रजापति, रीमा कुमारी, बबिता देवी, अनीता देवी, अमीनुदीन अंसारी, राजराम उरांव मिना देवी शामिल थे।



# राशनकार्ड धारियों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर और सिंहपुर गांव के राशनकार्ड धारियों ने गुरुवार को मां अम्बे स्वयं सहायता समूह के डीलर के विरुद्ध प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर डीलर पर राशन वितरण में कटौती करने, राशन कार्ड से नाम कटवाने की धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की है। लाभुकों ने बताया है कि मां अम्बे जनवितरण प्रणाली के डीलर द्वारा कभी भी समय पर राशन का उठाव नहीं किया जाता है। जिस वजह से समय पर राशन वितरण नहीं होने से राशनकार्ड धारकों में भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। डीलर के प्रतिनिधि विरेंद्र पासवान रेणुकूट में नौकरी करते हैं। राशन वितरण करने के लिए एक दो दिन के लिए आते हैं और पुनः रेणुकूट चल जाते हैं। इससे सिर्फ आधे अधूरे राशनकार्ड धारियों को ही राशन मिल पाता है। बाकी राशनकार्ड धारियों को राशन से वंचित होना पड़ जाता है।




लाभुकों ने बताया कि डीलर द्वारा अगस्त और सितंबर माह का राशन वितरण में दो किलो से पांच किलो तक प्रति राशन कार्ड पर राशन की कटौती की गई है। लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से डीलर का लाइसेंस रद्द करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है, जांचोपरांत डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। आवेदन देने वालों में सुनील साह, अंगद गुप्ता, उमेश गुप्ता, फेकन साह, सुरजन गुप्ता, संजय वियार, पृथ्वीनाथ साह, सुनीता देवी, दुलारी देवी, प्रमिला देवी, रश्मि रानी, सोनी, सीमा, किस्मतिया देवी शामिल थे।

## राशन में कटौती पर लाभुकों ने की नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

कैलान पंचायत के जविप्र डीलर रामजन्म सिंह द्वारा लाभुकों के बीच अगस्त माह का राशन व धोती साड़ी वितरण नहीं किये जाने से आक्रोशित राशन कार्डधारियों ने समाजसेवी राजमोहन यादव के नेतृत्व में उपायुक्त, डीएसओ तथा जिप अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर अनाज की कालाबाजारी रोकने व जविप्र डीलर रामजन्म सिंह का लाइसेंस रद करने की मांग की है। लाभुकों ने कहा है कि डीलर द्वारा प्रति लाभुक 2 से 3 किलो अनाज राशन काट लिया जाता है। अगस्त माह का राशन एवं धोती साड़ी भी नहीं बांटा गया है। डीलर द्वारा राशन कार्ड खत्म करने की बात भी कही जाती है। ज्यादातर कार्डधारी आदिम जनजाति, भुईयां परिवार से आते हैं, अगर हम लोगों को वर्तमान में राशन नहीं मिला तो भूखमरी के शिकार भी हो सकते हैं। एमओ द्वारा डीलर पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। गढ़वा डीएसओ ने कहा कि डीलर पर एफआईआर करने के लिए एमओ जयपाल महतो को कहा गया है। सभी राशन कार्ड धारियों ने समाहरणालय गेट पर ही डीलर रामजन्म सिंह का लाइसेंस रद्द करो, डीलर की मनमानी नहीं चलेगी, एमओ की मनमानी नहीं चलेगी का नारा लगाया। मौके पर कैलान पंचायत मुखिया सुकनी देवी, राम प्रताप यादव मनोज यादव, सुशील सिंह, रामचंद्र यादव, कुलदीप सिंह, अमरनाथ सिंह, बुधन सिंह, अमेरिका सिंह, विष्णु देव सिंह, उमेश भुईयां आदि ग्रामीण मौजूद थे।



## संक्षिप्त

### सोते वक्त शरीर पर पंखा गिरने से लगा करंट

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के भागिडीह निवासी नंदू ठाकुर गुरुवार को बिजली करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्वजनों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घटना के बारे में स्वजनों ने बताया कि नंदू ठाकुर गुरुवार को अपने घर में लोहे का स्टैंड फेन लगाकर सोया था। पंखा नंदू ठाकुर पर ही गिर पड़ा, जिसमें करंट लगने से घायल ही गया।

### सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई




**मझिआंव।** भारत सरकार एवं नगर विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पंचायत मझिआंव में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांच स्थानीय रेफरल अस्पताल में किया गया। इस दौरान डॉक्टर विशाल कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। बबलु डोम, संजय डोम, विकास कुमार, विजय साह, विजय डोम, समुद्री देवी, शकुंतला देवी, हेवंती कुंवर, चिंता कुंवर, फुलझरिया देवी, गोविंदा राम, गुडु राम, अनिल कुमार, अरूण कुमार इत्यादि की जांच की गई, जिसमें सभी कर्मचारी स्वस्थ पाये गये। मौके पर नगर प्रबंधक जीतेश कुमार, विकास सिंह, राकेश सिन्हा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### आजसू की प्रखंड कमेटी का किया गया गठन

**बड़गड़।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय बड़गड़ में पार्टी के केंद्रीय सचिव पंकज तिवारी की उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें रांची के मोराबादी मैदान में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय महाधिवेशन की सफलता एवं प्रखंड में आजसू पार्टी के विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान केंद्रीय सचिव पंकज तिवारी के द्वारा प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। अध्यक्ष रविशंकर यादव, सचिव सुनील कुमार काशीं, मीडिया प्रभारी रोहित दास, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव को बनाया गया। साथ ही जिला उपाध्यक्ष संजीव कुजूर बनाया गया। बैठक में भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष विनीत तिग्गा, अजय केशरी, एहसान अंसारी, शंभू ठाकुर, संगीत देवी, राजेंद्र सिंह, गणिनाथ सिंह, बिनोद प्रजापति, चंदन प्रजापति, शम्मी हेमंत तिग्गा, विनोद नायक, इम्तियाज अंसारी, लड्डू खान, अमजद खान आदि उपस्थित थे।

### सर्वसम्मति से सगमा प्रखंड समिति का गठन

**श्री बंशीधर नगर।** रामविलास पासवान सेवा समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक सगमा प्रखंड के सोनडीहा ग्राम स्थित मध्य विद्यालय परिसर में कुमकुम पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सगमा प्रखंड समिति का गठन किया गया। मिथलेश पासवान को अध्यक्ष, पंकज विनय पासवान को उपाध्यक्ष, रामलाल पासवान को सचिव, गुलाब पासवान को कोषाध्यक्ष तथा बीडीसी कमलेश पासवान को प्रवक्ता बनाया गया। बैठक में संस्थापक अनुराग पासवान, सुमेर पासवान, जितेन्द्र टार्जन, धर्मेन्द्र पासवान, राम प्रवेश पासवान, भवनाथपुर प्रखंड प्रभारी सूरज पासवान, रमना प्रखंड मीडिया प्रभारी सुनील पासवान, विनय प्रकाश, विनोद लाला राम, बुद्धि नारायण, नगीना, सीताराम, राजेन्द्र, कुलदीप, मुरली, राकेश आदि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी रमेश पासवान उर्फ सोनू ने दी।

### बच्चों के बीच स्लेट, पेंसिल का किया वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर द्वारा संचालित जायन्ट्स सेवा सप्ताह के पांचवें दिन आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्लेट, पेंसिल का वितरण किया गया। जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि बैल बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र व मध्य विद्यालय के बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग 50 बच्चों के बीच स्लेट पेंसिल का वितरण किया गया। मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका आशा कुमारी, सुमित्रा देवी, जायन्ट्स सचिव अनूप कुमार निराला, सुजीत अग्रवाल, अश्विनी कुमार, राहुल जायसवाल, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार, सुजीत अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### महिलाओं ने निकाली नशा मुक्ति अभियान रैली

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के दहेड़िया ग्राम में जेएसएलपीएस आजीविका महिला ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर रैली निकली गई। नशा मुक्ति रैली फुलेश्वरी देवी के घर के निकट से निकलकर झुरकहीं टोला, यादव टोला होते हुए पुनः फुलेश्वरी देवी के घर पास आकर सम्पन्न हुई। मौके पर सुनीता देवी, सावित्री देवी, देवंती देवी, फुलेश्वरी देवी, सोना देवी, पुष्पा देवी, नौरंगी देवी, सीमा देवी, रीना देवी किस्मतिया देवी, सुगीया देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य वसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा का मुख्य उद्देश्य बोर्ड के विद्यार्थियों को साहस देना है। आयोजन में खुर्शीद आलम, शिक्षक उदय प्रकाश, मुकेश कुमार भारती, संजीव कुमार, आलोक सिन्हा, नरेन्द्र सिन्हा, अजय कुमार, सरिता दुबे, सुनिता कुमारी, सुषमा तिवारी, निलम केशरी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने को गंभीर : सत्यानंद भोगता

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

राज्य के कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर लातेहार पहुंचे। मंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन स्टेशन रोड में आयोजित कौशल उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री ने हजारों युवाओं को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया। श्रम विभाग के द्वारा चयनित लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का भी वितरण किया। इस उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भोगता ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर काफी गंभीर है। पूरे राज्य में ऐसे आयोजन कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। शिक्षित, अशिक्षित युवाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बना रही है और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त हिमांशु मोहन के अलावा जिला के कई अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।



# नदी में अचानक आए बाढ़ में बहा अधेड़, नहीं मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

थाना क्षेत्र के करकरा नदी में गुरुवार को लगभग 12 बजे अचानक बाढ़ आने से नदी में नहा रहा नावाडीह (मखरौल) निवासी 55 वर्षीय शंभु चंद्रवंशी बह गया। करकरा नदी में गोरीया के समीप बने चेकडेम में नित्य दिन की भांति शंभु चंद्रवंशी नहाने गया हुआ था। तभी अचानक तेज रफ्तार में नदी में बाढ आ गया, जिसकी चपेट में आने से वह नदी में डुबने लगा। वहीं नदी में डूबता देख मवेशी चरा रहे ग्रामीणों ने देखा और इसकी जानकारी परिजनों को दी, लेकिन परिजन व ग्रामीण जब तक नदी पहुंचे तबतक वह बह गया था। कहीं कोई पता नहीं चल पाया तो घटना की सूचना बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह को दी। सूचना पाकर बीडीओ व थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे। अधिक बारिश होने के साथ नदी में तेज बहाव होने के कारण शव का कोई अता पता नहीं चल पाया। शाम होने के कारण गोताखोर व अन्य संसाधनों का उपयोग नहीं हो पाया। इसके कारण समाचार लिखे जाने तक अधेड़ का शव बरामद नहीं हो पाया था। दूसरी ओर दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।



### कार्यक्रम | पंद्रह असहाय, विधवा और गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया

# सर्वेश्वरी समूह आश्रय में मनाया गया स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस के अवसर पर केतार शाखा के सदस्यों ने गुरुवार को प्रभातफेरी निकाली। बाबा पूज्य अघोरेश्वर की प्रतिमा के साथ प्रभातफेरी केतार बाजार से मंदिर होकर पुनः आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई।

शाखा मंत्री रामाधार प्रसाद यादव ने स्थापना दिवस के मौके आश्रम के प्रांगण में झंडोत्तोलन किया। इसके पश्चात शाखा के सदस्यों ने सफल योनि का पाठ कर महाप्रसाद वितरण किया। स्थापना दिवस के मौके पर पंद्रह असहाय, विधवा, गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर शाखा के संयुक्त मंत्री विश्वनाथ पंडित ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह का स्थापना समाज में पीड़ित एवं उपेक्षित मानव को सेवा करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा की समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इस मौके पर अवधेश प्रसाद, उदय प्रसाद, प्रेम कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, तेतरी कुंवर, मालती देवी, सुभाषी कुंवर, किरण कुंवर, शिला देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।




## सर्वेश्वरी समूह के 63वें स्थापना दिवस पर निकाली गई प्रभातफेरी

**श्री बंशीधर नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 63वां स्थापना दिवस स्थानीय श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी में मनाया गया। प्रातः काल 5 बजे प्रभातफेरी निकली गई। संस्था के सैकड़ों सदस्य प्रभातफेरी में शामिल हुए। समूह का झंडोत्तोलन संस्था के मंत्री आनंद जायसवाल द्वारा किया गया।

अनुयायियों ने सामूहिक सफल योनि का पाठ किया। तत्पश्चात सूक्ष्म प्रसाद का वितरण भी किया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनंद जायसवाल, अरुण कुमार जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल, राजेंद्र यादव, सुशील कुमार सिन्हा, नागेंद्र कुमार, अनूप कुमार सिन्हा, प्रशांत सहाय, शिव शंकर प्रसाद, छोटू कुमार रंजन, छोटू जायसवाल, लूलू सिंह, संतोष प्रताप देव, मनोज प्रताप, नरेंद्र श्रीवास्तव, श्रवण कुमार, नवनीत कुमार सिंहा, सोमनाथ प्रसाद आदि उपस्थित थे।



असफलताओं से हार मानकर कभी भी अपने लक्ष्य को ना बदले क्योंकि असफलताएं आपको रोकने नहीं आगे बढ़ाने के लिए आती है।

– अज्ञात



# घरेलू बचत में बड़ी गिरावट

*भारतीय* रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू वित्तीय बचत के जो आंकड़े इस सप्ताह पेश किए हैं, उन्होंने अर्थशास्त्र के विद्वानों को चौंका दिया है और इनका मध्यम अवधि की वृद्धि पर गहरा असर हो सकता है। आंकड़ों से पता चलता है कि विशुद्ध घरेलू वित्तीय बचत 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5.1 फीसदी के बराबर ही रह गई, जो कई दशकों में इसका सबसे कम स्तर है। पिछले वर्ष यह 7.2 फीसदी थी। वित्तीय बचत में ऐसी गिरावट की कई वजह हो सकती हैं। चूंकि बचत में कुल मिलाकर गिरावट हुई है इसलिए संभव है कि महामारी के दौरान जिन परिवारों की आय को झटका लगा था उनकी आय पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाई हो। इससिए हो सकता है कि अर्थव्यवस्था में सुधार कंपनियों के मुनाफे की वजह से दिखा हो, जिसमें पिछली कई तिमाहियों से अच्छी बढ़त रही है।यह भी संभव है कि निरंतर बढ़ती महंगाई के कारण परिवार बचत नहीं कर पाए हों। खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर महामारी के बाद से ही ऊंचे स्तर पर रही है। रिजर्व बैंक भी 2022 में तय मुद्रास्फीतिक लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा है और इस बारे में उसे केंद्र सरकार के सामने सफाई भी देनी पड़ी। मुद्रास्फीति की दर एक बार फिर केंद्रीय बैंक के तय दायरे से ऊपर है। परिवारों की वित्तीय देनदारियां भी 2022-23 में जीडीपी की 5.8 फीसदी हो गईं, जो 2021-22 में 3.8 फीसदी ही थीं। संभव है कि लोगों ने उपभोग के लिए उधारी ली हो क्योंकि उनकी आय पर्याप्त नहीं थी। यह भी संभव है कि लोगों ने घर आदि अचल संपत्ति खरीदने के लिए भी राशि व्यय की हो और उधार ली हो। ऋण उठान के आंकड़े भी यही संकेत देते हैं कि लोगों की उधार लेने की रफ्तार बढ़ी है। घरेलू कर्ज 2021-22 के 36.9 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में जीडीपी के 37.6 फीसदी के बराबर हो गया। अगर खपत मांग को भी ऋण से सहारा मिल रहा है, जो कुछ हद तक लग भी रहा है तो घरेलू हिसाब-किताब दुरुस्त करने पर भविष्य में मांग कमजोर रहेगी।

**आंकड़ों से पता चलता है कि विशुद्ध घरेलू वित्तीय बचत 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5.1 फीसदी के बराबर ही रह गई, जो कई दशकों में इसका सबसे कम स्तर है। गत वर्ष यह 7.2 फीसदी थी। बचत में ऐसी गिरावट की कई वजह हो सकती हैं।**

कमजोर मांग का अर्थ होगा निकट अवधि में कमजोर आर्थिक वृद्धि। उम्मीद है कि निजी निवेश में सुधार से वृद्धि को मदद मिलेगी। मगर निजी खपत में सतत वृद्धि के अभाव में कंपनियां भी शायद क्षमता विस्तार की इच्छुक न रहें। चूंकि वैश्विक मांग भी कमजोर रहने का अनुमान है, इसलिए कंपनियां नया बड़ा निवेश भी करना नहीं चाहेंगी। ऐसे में वृहद आर्थिक नजरिये से अगर निजी खपत, निवेश और निर्यात कमजोर रहे तो इसकी भरपाई सरकार को करनी होगी। पिछले कुछ समय से उच्च पूंजीगत व्यय के माध्यम से सरकार यही करती आ रही है, किंतु तमाम राजकोषीय बाधाओं को देखते हुए शायद सरकार ज्यादा लंबे समय तक ऐसा न कर पाए। घरेलू वित्तीय बचत में कमी ब्याज दरों और निवेश को भी प्रभावित कर सकती है। यह बात ध्यान देने लायक है कि सरकारी उधारी घरेलू क्षेत्र से होने वाली वित्तीय बचत की आपूर्ति की तुलना में अधिक है। अगर कॉरपोरेट क्षेत्र निवेश के लिए अधिक ऋण लेना शुरू कर देता है तो ब्याज दरें बढ़ेंगी। कम घरेलू बचत के साथ निवेश में इजाफे का अर्थ होगा भारत को पूंजी आयात की आवश्यकता। ऐसा करना पड़ा तो अलग तरह की दिक्कतें आएंगी।

# निपाह से निपटने की चुनौती





योगेश कुमार गोयल

इन दिनों

*केरल* में निपाह के बढ़ते खतरे को देखते हुए अन्य राज्यों को भी अलर्ट किया जा चुका है। दरअसल इस वायरस के बारे में कहा जा रहा है कि इस संक्रमण के कारण मृत्यु दर बहुत ज्यादा है। राज्य में सामने आए छह निपाह मरीजों में से दो की मौत चुकी है और केरल की स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक फिलहाल संक्रमित व्यक्तियों की सम्पर्क सूची में सैंकड़ों स्वास्थ्यकर्मियों सहित एक हजार से भी अधिक लोग हैं, जिनमें सैंकड़ों उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। निपाह संक्रमण के बारे में आईसीएमआर का कहना है कि कोविड में जहां मृत्युदर महज दो-तीन प्रतिशत थी, वहीं निपाह में संक्रमित लोगों की मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत है।

केरल में निपाह वायरस की जांच के लिए कुछ लोगों के सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) भेजे गए हैं और एनआईवी के सीरो सर्वे में पता चला है कि वायरस दूसरे राज्यों तक पहुंच रहा है। एनआईवी के वैज्ञानिकों को निपाह वायरस को लेकर दूसरे सीरो सर्वे में केरल सहित गोवा, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, तमिलनाडु, कर्नाटक, पुडुचेरी इत्यादि के चमगादड़ों में वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी मिली हैं। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पुडुचेरी में पहले भी एंटीबॉडी मिली थी। यही कारण है कि केरल सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार भी निपाह के मामलों को लेकर सक्रिय है। दरअसल 2018 में केरल में यह बीमारी जो कहर बरपा चुकी है, वह खौफनाक मंजर एक बार फिर लोगों की आंखों के सामने आने लगा है। उस समय 23 संक्रमितों में से 21 की मौत हो गई थी लेकिन उसके बावजूद इन पांच वर्षों में 2019 और 2021 में भी इस संक्रमण का प्रकोप झेलने के बाद भी निपाह के उपचार के विकल्पों के मामलों में परिस्थितियां जस की तस हैं। आज भी इस बीमारी का कोई कारगर इलाज मौजूद नहीं है।

पहले जान लें कि निपाह आखिर है क्या और यह इतना खतरनाक क्यों माना जाता है? निपाह ऐसा वायरस है, जो चमगादड़, सुअर, कुत्तों, घोड़ों इत्यादि से फैलता है। 'फ्रूट बैट्स' अर्थात फलाहारी चमगादड़ इस वायरस के वाहक होते हैं। यह बहुत तेजी से फैलने वाला खतरनाक संक्रमण है, जिसे तुरंत रोक पाना बहुत कठिन होता है। भारत में निपाह संक्रमण से औसत मृत्यु दर 75 फीसदी से भी अधिक रही है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के पास निपाह संक्रमण को रोकने के लिए कोई खास पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि निपाह देश के पूर्ण साक्षर राज्य केरल में बार-बार दस्तक देने में सफल हो रहा है?

पर्यावरणविदों का कहना है कि जून 2018 में केरल को निपाह मुक्त घोषित करने के बाद इतने कम अंतराल में इस वायरस के बार-बार सिर उठाने के पीछे सबसे प्रमुख कारक शहरीकरण है क्योंकि अंधाधुंध शहरीकरण के चलते मनुष्यों ने जंगलों को भी नहीं छोड़ा है और निपाह के लिए जिम्मेदार चमगादड़ों के रहने के लिए अब जंगल सीमित रह गए हैं। चमगादड़ों के निवास स्थान नष्ट होने से चमगादड़ तनावग्रस्त हो जाते हैं और भूखे रहते हैं, जिससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है और उनके भीतर वायरस का भार बढ़ जाता है, जो मूत्र और लार के जरिये बाहर आता है। इन्हीं के जरिये यह वायरस जानवरों तथा मनुष्यों में फैलता है। यह वायरस मुख्य रूप से टेरोपस जींस नामक नस्ल के चमगादड़ों के संक्रमण द्वारा फैलता है और बाद में महामारी का रूप धारण कर लेता है। ये चमगादड़ जिस पेड़ पर रहते हैं, वहां मूत्र और लार के जरिये इस वायरस को फैला देते हैं और फिर जो भी मनुष्य या जानवर जाने-अनजाने में उस पेड़ के फल खाता है, वह निपाह से संक्रमित हो जाता है।

**केरल में निपाह वायरस की जांच के लिए कुछ लोगों के सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) भेजे गए हैं और एनआईवी के सीरो सर्वे में पता चला है कि वायरस दूसरे राज्यों तक पहुंच रहा है।**

भारत के दक्षिणी राज्यों और विशेषकर केरल में तो यह 'फलभक्षी चमगादड़' बहुतायत में हैं, जो श्रीलंका तक फैले हैं। सबसे पहले निपाह वायरस का पता 1998 में मलेशिया में सुअर पालने वाले किसानों के बीच फैली महामारी के दौरान चला था। तब निपाह वायरस का पहला मामला मलेशिया के एक गांव कम्पुंग सुंगई निपाह में सामने आया था, जिसके बाद इसी गांव के नाम पर इस वायरस का नाम 'निपाह' रखा गया। उस समय इस बीमारी के वाहक सूअर बनते थे लेकिन उसके बाद जहां-जहां भी निपाह के मामले सामने आए, सुअरों के बजाय 'फ्रूट बैट' निपाह के सबसे बड़े वाहक बनकर सामने आए। पहली बार मलेशिया में इस बीमारी का पता चलने और सिंगापुर के भी इससे प्रभावित होने के दौरान पाया गया था कि निपाह वारयस से संक्रमित अधिकांश व्यक्ति बीमार सुअरों या उनके दूषित उत्तकों के सीधे सम्पर्क में आए थे लेकिन उसके बाद बांग्ला देश तथा भारत में निपाह के कारण महामारी फैलने का सबसे संभावित स्त्रोत चमगादड़ों के मूत्र व लार से संक्रमित फल अथवा इन संक्रमित फलों से निर्मित उत्पाद या ताड़ी का सेवन रहा। अन्य वायरस संक्रमणों के मुकाबले निपाह ज्यादा खतरनाक इसलिए माना जाता है क्योंकि इससे निपटने के लिए अब तक कोई वैक्सीन बनाने में सफलता नहीं मिली है अर्थात इसका कोई कारगर इलाज नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार निपाह इंसेफ्लाइटिस संक्रमण है, जो छूने मात्र से बड़ी तेजी से पूरे शरीर में फैलता है। इसकी चपेट में आने वाला व्यक्ति 24-48 घंटे के भीतर कोमा में जा सकता है और ऐसी स्थिति होने पर रोगी के बचने की संभावना लगभग खत्म हो जाती है। इंसेफ्लाइटिस यानी दिमागी बुखार में सिरदर्द, तेज बुखार, सांस लेने में दिक्कत, सुस्ती, उलझन, याददाश्त कमजोर होना, चक्कर आना, भ्रम होना, मिर्गी आना और दौरे पड़ने जैसी शिकायत सामने आती हैं। निपाह वायरस बच्चों को सबसे पहले और आसानी से अपनी गिरफ्त में लेता है। पशुजनित यह बीमारी चमगादड़ों या सुअरों के जरिये मनुष्यों में फैलती है और यह दूषित भोजन तथा मनुष्य से मनुष्य के सम्पर्क से भी फैल सकती है।

बचाव व रोकथाम ही निपाह संक्रमण का एकमात्र उपचार है। चूंकि अभी तक इस वायरस से बचने के लिए कोई वैक्सीन तैयार करने में सफलता नहीं मिली है, इसलिए निपाह संक्रमण को फैलने से रोकने का एकमात्र उपाय लोगों को इससे बचाव के उपायों की समुचित जानकारी देना और जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार ही है। निपाह को महामारी में परिवर्तित होने से रोकने के लिए सबसे जरूरी है कि लोगों को निपाह, इससे फैलने वाली बीमारी और बचाव के तरीकों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

*आत्माएं* काल के इस लोक में माया से सम्मोहित होकर भ्रमित हो गए हैं। इसलिए वे परमात्मा की बात पर विश्वास नहीं करते हैं और शास्त्र विरुद्ध साधना कर अपना मानव जीवन बर्बाद कर देते है। पूर्ण परमात्मा बताते हैं कि


**यह दम टूटै पिण्डा फूटै, हो लेखा दरगाह मांही।**
**उस दरगाह में मार पड़ैगी, जम पकड़ेंगे बांही।।**

अर्थात जब आप मरेंगे तो यम के दूत आपको पकड कर धर्मराज (यम) जो काल ब्रह्म के 21 ब्रह्मांडों के मुख्य न्यायाधीश है, के दरबार में लेकर जाएंगे और जिन्होंने सतभक्ति नहीं की होगी , उनसे सवाल किया जाएगा कि मानव जन्म में आपने कितनी भक्ति की कमाई है? फिर वह शर्म से अपना सिर नीचे कर लेता है। तब उसे याद आता है कि जब मुझे मानव जन्म दिया गया था, मैंने वादा किया था कि मैं भगवान को याद करूंगा, तत्वदर्शी संत को ढूंढूंगा और मोक्ष प्राप्त करने के लिए सतभक्ति करूंगा। यहां तक कि आत्मा को मां की कोख में भी अपना वादा याद रहता है। यह पूर्ण परमात्मा द्वारा बताया हुआ आध्यात्मिक ज्ञान है। और सत्संग में आने से ही आत्मा को इसका पता चलता है। परमात्मा अपनी वाणी में बताते हैं कि

**उस समर्थ की रीझ छुपाई, कुल कुटम से राता।**
**गर्भ के अंदर वचन करे थे, कहाँ गई वो बाता।।**

पूर्ण परमात्मा बताते हैं कि मैंने मां के गर्भ में भी तुम्हारी आवाज सुनी। तुम्हें जन्म दिया और गर्भ में मृत्यु से बचाया अन्यथा गर्भ में बहुत मरते हैं और मां भी मरती है। लेकिन जन्म लेते ही आत्मा काल की त्रिगुणमयी माया में सब कुछ भूल जाता है। काल के जाल में फंस जाता है अर्थात काल के रंग में रंग जाता है। जब आत्मा बहाने बनाने लगता है तब धर्मराज (यम) चित्र और गुप्त द्वारा तैयार की गई उस आत्मा के कर्मों की फिल्म चलाते हैं और उसे बताते हैं कि वह झूठ बोल रहा है। *(क्रमशः)*

# क्यों मोदी ने संसद पर हमले को किया याद



आर.के. सिन्हा


राजनीति

*भारत* के संसदीय लोकतंत्र के लिये 13 दिसंबर, 2001 काला दिन था। उस दिन देश के दुश्मनों ने हमारे लोकतंत्र के मंदिर को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए संसद पर हुए उस हमले का उल्लेख करके उन शूरवीरों के प्रति देश की कृतज्ञता को ज्ञापित किया जिनकी बहादुरी के कारण ही संसद भवन के अंदर आतंकी घुस नहीं सके थे। तब संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा था। उस दिन विपक्षी सांसद राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा काट रहे थे। सदन को तत्काल 45 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी संसद से घर की ओर जा चुके थे। हालांकि, उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी समेत अन्य सांसद संसद भवन में मौजूद थे। तभी सफेद एंबेसडर कार से जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी संसद भवन परिसर में प्रवेश करते हैं। भारत के दुश्मनों ने संसद भवन में दाखिल होते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी चालू कर दी।


जिस दिन संसद भवन पर हमला हुआ था उस दिन दिल्ली में गुलाबी धूप खिली हुई थी। किसी ने ख्वाब में भी नहीं सोचा था कि आज संसद भवन पर हमला करने का कोई साहस करेगा। संसद भवन परिसर में धमाकों की आवाज सुनकर लालकृष्ण आडवाणी संसद भवन से बाहर आते हैं। तभी सुरक्षाकर्मी उन्हें रोक देते हैं, हमले की जानकारी देते हैं। इतना सुनते ही उपप्रधानमंत्री आडवाणी संसद भवन स्थित अपने कार्यालय में चले जाते हैं और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को फोन करते हैं। संसद पर हुए हमले में राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी, केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कॉन्स्टेबल कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक रामपाल, नानकचंद, हेड कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, बिजेन्दर सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के एक माली देश राय शहीद हो गये थे। कृतज्ञ राष्ट्र इन शहीदों को सदैव याद रखेगा। इन्होंने भारत विरोधी ताकतों की कोशिशों को नाकाम कर दिया था। बेशक, यदि संसद भवन में तैनात बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने आतंकियों का डटकर मुकाबला न किया होता तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। संसद भवन पर हुए उस हमले में सबसे पहले केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कमलेश कुमारी यादव ने वतन के लिये अपनी जान का नजराना पेश किया था। कमलेश कुमारी की ड्यूटी संसद भवन के गेट नंबर एक पर थी। कमलेश कुमारी ने देखा कि एक एंबेसडर कार (डीएल3सीजे 1527) वहां से बिना उनकी अनुमति लिए संसद में तेजी से अंदर चली गई। कमलेश कुमारी को गड़बड़ नजर आई। वो भागकर अपने गेट को बंद करने लगीं और फिर उन्होंने बाकी गेटों पर तैनात अपने साथियों को सतर्क भी कर दिया। इसी दौरान चेहरे पर नकाब ओढ़े आतंकियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। उन्हें 11 गोलियां लगीं। यह 11.50 बजे की घटना है। अगर कमलेश कुमारी ने तुरंत अपने सहयोगियों को अलर्ट न किया होता तो आतंकियों को संसद भवन में बम विस्फोट करने का मौका मिल जाता। आतंकियों के पास एके-47 और हैंड ग्रेनेड थे। कहना होगा कि संसद पर हमले के कुछ पलों के भीतर ही सुरक्षाकर्मी आतंकियों से टक्कर लेने के लिये तैयार हो गये थे। तब ही एक आतंकी ने गेट नंबर-एक से संसद भवन में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे वहीं ढेर कर दिया। इसके बाद उसके शरीर पर लगे बम में भी ब्लास्ट हो गया। फिर पहले से संसद भवन परिसर में घुस चुके तीन आतंकियों को मार दिया गया। इसके बाद बचे हुए आखिरी आतंकी ने गेट नंबर-5 की तरफ दौड़ लगाई, लेकिन वो भी जवानों की गोली का शिकार हो गया। बहरहाल, संसद हमले के दो दिन बाद ही 15 दिसंबर 2001 को अफजल गुरु, एसएआर गिलानी, अफशान गुरु और शौकत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। इन सबने संसद पर हमले की साजिश रची थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने अफजल गुरु को मौत की सजा सुनाई। उसे 9 फरवरी 2013 को दिल्ली की तिहाड़ जेल में सुबह 8 बजे फांसी पर लटका दिया गया। पूरे मामले की जांच के दौरान पता चला था कि अफजल ने पाकिस्तान में आतंकी ट्रेनिंग ली थी।

**भारत के दुश्मनों ने संसद भवन में दाखिल होते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी चालू कर दी। जिस दिन संसद भवन पर हमला हुआ था उस दिन दिल्ली में गुलाबी धूप खिली हुई थी।**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# बढ़ता ई-कचरा स्वास्थ्य के लिये खतरा



ललित गर्ग

हेल्थ

*लगातार* बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। दूसरा बड़ा कारण, नये फोन के प्रति आकर्षण था। कंपनियों की मार्केटिंग और दोस्तों द्वारा हर साल फोन बदलने की आदतों से भी प्रभावित होकर भी लोग नया फोन ले लेते हैं, जबकि इसकी जरूरत नहीं होती। इस वजह से भी ई-कचरे में इजाफा हो रहा है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक अगर साल 2019 में उत्पादित कुल इलेक्ट्रॉनिक कचरे को रिसायकल कर लिया गया होता वो करीब 425,833 करोड़ रुपए का फायदा देता। यह आंकड़ा दुनिया के कई देशों के जीडीपी से भी ज्यादा है। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ह्यग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं।

**दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

## हापुड़ में दीवार तोड़कर ढाबे में घुसा ट्रक, चार लोगों की मौत

**मेरठ।** हापुड़ जनपद के धौलाना थाना क्षेत्र के देहरा गांव में धौलाना-मसूरी मार्ग पर बुधवार की देर रात एक अनियंत्रित ट्रक दीवार तोड़कर ढाबे में घुस गया। इस दुर्घटना में ढाबे में खाना खा रहे चार लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। धौलाना थाना क्षेत्र में धौलाना-मसूरी मार्ग पर जुबैदा मैरिज होम के पास देहरा गांव के निकट एक ढाबे पर बुधवार की देर रात कुछ लोग बैठे खाना खा रहे थे। अचानक एक अनियंत्रित डीसीएम ट्रक दीवार तोड़कर ढाबे में घुस गया। इस दुर्घटना में ढाबे में खाना खा रहे चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। रात में ही एसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी राजकुमार, सीओ वरुण मिश्रा मौके पर पहुंचे। मृतकों में से अभी दो लोगों की शिनाख्त हो पाई है। इनमें एटा जनपद गांव गंगापुर का अरुण, कासगंज के कुंवरपुर के जितेंद्र के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों ने रात में ही बचाव कार्य किया। दीवार के मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। आशंका व्यक्त की गयी है कि ट्रक चालक शराब के नशे में था। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त कराई जा रही है। ट्रक और चालक को कब्जे में ले लिया गया है।

## तृणमूल पंचायत प्रधान की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हत्याएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा घटना में उत्तर दिनाजपुर के एक तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना बुधवार की है। पुलिस ने बताया की गोली लगने के बाद वह लहुलुहान होकर गिर पड़ा था। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।
एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ""हम सभी कोणों से घटना की जांच कर रहे हैं।"" हत्या के विरोध में तृणमूल कार्यकताओं ने कुछ समय के लिए राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने कहा कि बुधवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में मोटरसाइकिल पर आए हमलावरों ने कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक की पहचान पांजीपारा ग्राम पंचायत प्रमुख मोहम्मद राही के रूप में की है। बुधवार दोपहर को पंचायत कार्यालय से निकलते समय राही को गोली मार दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।अधिकारी ने बताया कि पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़ित को मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात बदमाशों ने कई बार गोली मारी। पुलिस ने बताया कि इसके तुरंत बाद संदिग्ध अपने वाहन से भाग गए। राही को पहले पड़ोसी बिहार के किशनगंज मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया और बाद में पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में सिलीगुड़ी के एक निजी स्वास्थ्य सेवा केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित का इलाके के लोगों के एक समूह के साथ मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाने को लेकर विवाद था।

## भारत-नेपाल सीमा पर संदिग्ध विदेशी महिला गिरफ्तार

**मधुबनी।** बिहार के मधुबनी जिला के भारत- नेपाल सीमावर्ती इलाका के हरलाखी थाना क्षेत्र से गुरुवार को एक संदिग्ध विदेशी महिला को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी भारत- नेपाल सीमा क्षेत्र के समीप हरलाखी में जटही-पिपरौन सीमा पर हुई है। संदेह के आधार पर पिपरौन एसएसबी कैंप के जवानों ने यह कार्रवाई की। महिला के पास से अलग अलग नंबर और तिथि के दो पासपोर्ट सहित अन्य कागजात बरामद हुए हैं । महिला के पास अलग अलग जगह के दो भारतीय आधार कार्ड भी बरामद हुआ है।

# महिला आरक्षण को जल्द लागू करना चाहिए: नीतीश

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित हो गया। इसे जल्द लागू करना चाहिए। जनगणना नहीं होने के कारण इसमें देरी होगी।
पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग तो शुरू से चाहते हैं कि महिला आरक्षण बिल पास हो , अब यह लोकसभा से पास हो गया है। महिला आरक्षण को जल्दी से लागू करना चाहिए। ये लोग जनगणना नहीं करवाये हैं, इसलिए इसमें देरी होगी।
उन्होंने कहा कि इस काम को और तेजी से करना चाहिए जिस तरह से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, उसी तरह से




इसमें पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। जाति आधारित जनगणना की मांग से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग 'यंगर एज' से इसकी मांग करते रहे हैं। जनगणना का काम वर्ष 2021 में होना चाहिए था, जो नहीं हुआ, ये सब काम करा दिए जायेंगे तो लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों का यही उद्देश्य है कि महिला आरक्षण बिल जल्द लागू हो जाए, इससे महिलाओं का काफी उत्थान होगा। पत्रकारों ने जब भाजपा द्वारा वर्ष 2024 के बाद जातिगत जनगणना कराये जाने की बात को लेकर सवाल किया तो मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक यह हो जाना चाहिए था, इसमें देरी क्यों हो रही है। वर्ष 2024 में शुरू करने की क्या जरूरत है, इसको तत्काल शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1931 से जनगणना का काम किया जा रहा है। प्रत्येक दस वर्ष पर जनगणना का काम किया जाता है, यह पिछली बार नहीं किया गया, ये अच्छी बात नहीं है, जल्दी से इस काम को शुरू करना चाहिए। महिला आरक्षण को लागू करने में इन्हें देरी होगी, जब महिला आरक्षण लागू हो जाएगा तो मुझे बहुत खुशी होगी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात के प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेताओं से हमारी मुलाकात होती रहती है, आपस में बातचीत होती रहती है। उन्होंने बिना किसी के नाम लिए हुए कहा कि कुछ मीडिया वर्गों पर उन लोगों का नियंत्रण है।

## यूपी में कक्षा 9 से 12 तक 1.07 करोड़ छात्रों ने लिया प्रवेश

**प्रयागराज (यूपी)।** उत्तर प्रदेश बोर्ड के 27 हजार से अधिक माध्यमिक विद्यालयों में 2023-24 सत्र में कक्षा 9 से 12 तक 1,07,79,463 छात्रों ने दाखिला लिया है। कक्षा 9 और 11 के लिए अग्रिम पंजीकरण और कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 सितंबर थी। यूपी बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला के अनुसार, यूपी बोर्ड की 2024 हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए कुल 55,03,863 छात्रों ने पंजीकरण कराया है, इसमें कक्षा 10 में 29,54,036 और कक्षा 12 में 25,49,827 अन्य शामिल हैं। इसी प्रकार, कक्षा 9 में 27,51,807 छात्रों और कक्षा 11 में 25,23,793 छात्रों सहित कुल 52,75,600 छात्रों ने यूपी बोर्ड के अग्रिम पंजीकरण विकल्प का उपयोग किया है। पिछले वर्ष की तुलना में कक्षा 9 से 12 तक छात्रों की संख्या में कुल मिलाकर 3,26,678 छात्रों की कमी हुई है।

जेयू में रैगिंग से मौत का मामला

# सभी हॉस्टलों में रात 10 से सुबह 6 बजे तक प्रवेश वर्जित

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के मुख्य छात्र छात्रावास में हाल ही में एक छात्र की रैगिंग से हुई मौत के बढ़ते विवादों के बीच, जेयू अधिकारियों ने अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी छात्रावास में प्रवेश के समय पर प्रतिबंध जारी कर दिया है। जेयू अधिकारियों द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, सभी विश्वविद्यालयों का मुख्य प्रवेश द्वार रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक बंद रहेगा। ऐसा पूर्व छात्रों सहित बाहरी लोगों के निर्बाध प्रवेश और निकास को रोकने के लिए किया जा रहा है । नोटिस में छात्रावास के छात्रों को प्रतिदिन रात 10 बजे तक छात्रावास में प्रवेश करने की सलाह दी गई है और यदि उन्हें रात के लिए छात्रावास परिसर के बाहर रहने की आवश्यकता है, तो उन्हें छात्रावास अधीक्षक को पहले से सूचित करना होगा। साथ ही छात्रों को




अपना पहचान पत्र हमेशा अपने साथ रखना होगा और प्रशासनिक कर्मचारियों या अधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर उन्हें इसे दिखाना होगा। हर बार जब छात्र हॉस्टल में प्रवेश करेंगे और बाहर निकलेंगे तो उन्हें इसे नोट करना होगा। आगंतुकों की आवाजाही के संबंध में भी बहुत सारे प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन्हें आगंतुकों के कमरे के भीतर ही सीमित रहना होगा। छात्रावासों में आते समय आगंतुकों को अपना पहचान प्रमाण भी साथ रखना होगा, इसका विवरण आगंतुक पुस्तिका में दर्ज किया जाएगा।

# महिला आरक्षण बिल 2024 चुनाव के पहले लागू हो : सीएम भूपेश बघेल

**एजेंसी। रायपुर**

संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित हो गया। आज गुरुवार को यह बिल राज्यसभा में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जनता को धोखा दे रही है। कांग्रेस पार्टी ने इस बिल का समर्थन किया है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार इसे टालने में लगी है। मुख्यमंत्री भूपेश ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे धोखेबाज हैं। जो महिला आरक्षण बिल लाया गया है, उसका कांग्रेस ने समर्थन किया है। लेकिन इसे जनगणना और परिसीमन होने के बाद लागू किया



जाएगा, इसमें कई साल लगेंगे। सोनिया गांधी ने साफ कहा कि इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। लेकिन हमें ऐसा होता नहीं दिख रहा है।
इसे 2024 के चुनाव में लागू किया जाना चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार जनगणना व परिसीमन का अड़ंगा लगा कर अभी टालती दिख रही है। फिलहाल इससे कोई फायदा महिलाओं को नहीं मिलेगा। मोदी सरकार एक बार फिर लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है। चुनाव से पहले केंद्र सरकार महिलाओं को अपने पक्ष में करने के लिए यह बिल लेकर आयी। हालांकि जनता अब सब समझ रही है।

# शिवराज सरकार के भ्रष्टाचार ने नौजवानों का वर्तमान और भविष्य छीन लिया : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले राजनेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटाले के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार ने मध्य प्रदेश के नौजवानों का वर्तमान और भविष्य दोनों छीन लिया है। इसके साथ ही कमलनाथ ने नर्सिंग घोटाला मामले को लेकर कई सवाल भी खड़े किए हैं।कमलनाथ ने गुरुवार को ट्वीट कर सरकार का घेराव करते हुए कहा शिवराज सरकार के भ्रष्टाचार ने मध्य प्रदेश के नौजवानों का वर्तमान और भविष्य दोनों छीन लिए हैं। पहले तो शिवराज सरकार ने



नर्सिंग कॉलेज में मान्यता देने, फैकल्टी की नियुक्ति करने, एडमिशन करने और डिग्री देने में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया और अब न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर अत्याचार कर रही है।
कमलनाथ ने कहा कि कल जबलपुर में पूरे प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों ने प्रदर्शन किया। नर्सिंग छात्रों पर वाटर कैनन का उपयोग कर सरकार ने अपना चेहरा उजागर कर दिया है। उन्होंने सवाल साधते हुए कहा मैं शिवराज जी से पूछना चाहता हूं कि सजा फरियादी को मिलनी चाहिए या अपराधी को? असली अपराधी तो आप हैं। आप जिन छात्रों पर वाटर कैनन चला रहे हैं, वह तो पीड़ित हैं। आपने फर्जी कॉलेजों को मान्यता दी और उससे नर्सिंग घोटाला हुआ। तीन साल से परीक्षाएं न होने से छात्र परेशान हो रहे हैं और अपने भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के छात्र आपसे पूछ रहे हैं कि आपको इस अपराध के लिए क्या दंड दिया जाए? वे जानना चाहते हैं। कमलनाथ ने कहा कि नर्सिंग घोटाले के सूत्रधार आप नहीं तो और कौन है? अगर आप सूत्रधार नहीं हैं तो आपने आज तक संबंधित विभाग के मंत्री से इस्तीफा क्यों नहीं लिया? अगर आप सूत्रधार नहीं है तो आखिर कैसे 100 से अधिक नर्सिंग कॉलेज को गलत तरीके से मान्यता मिल गई? अगर आप सूत्रधार नहीं है तो हाई कोर्ट से सख्त फैसला आने के बावजूद आपने आज तक कोई बड़ी कार्यवाही क्यों नहीं की?

# स्पेन के बाद दुबई पहुंचीं सीएम ममता बनर्जी उद्योगपतियों के साथ करेंगी महत्वपूर्ण बैठक

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्पेन का अपना आधिकारिक दौरा पूरा कर गुरुवार को दुबई पहुंचीं। ममता दुबई में उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगी और बंगाल में निवेश को बढ़ावा देने के मसले पर बातचीत करेंगी।
पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री दुबई में दो महत्वपूर्ण बैठकें करेंगी जिनमें पश्चिम बंगाल में निवेश को बढ़ावा देने के लिए बात होगी। मुख्यमंत्री ने इसके पहले स्पेन के मैड्रिड और बार्सिलोना में औद्योगिक सम्मेलन भी किया। मुख्यमंत्री बनर्जी 12 से 23 सितंबर



तक विदेश दौरे पर हैं। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव हरिकृष्ण द्विवेदी के नेतृत्व में बंगाल प्रतिनिधिमंडल दुबई के 'जाफजा फ्री जोन' और 'जेबेल अली पोर्ट' का दौरा करेगा। जाफजा एक बड़ा मुक्त व्यापार क्षेत्र है। यह एशिया, यूरोप और अफ्रीका के बीच सीधे व्यावसायिक संचार का केंद्र भी है। राज्य सरकार पश्चिम बंगाल के ताजपुर में जेबेल अली जैसा पोर्ट बनाने की इच्छुक है। इसीलिए मुख्यमंत्री का प्रतिनिधिमंडल जेबेल अली पोर्ट जाएगा और वहां के बुनियादी ढांचे को देखेगा।
शुक्रवार को मुख्यमंत्री के दो कार्यक्रम हैं। एक औद्योगिक बैठक और दूसरा प्रवासी बंगालियों और भारतीयों के साथ बातचीत। इस बीच संयुक्त अरब अमीरात के एक महत्वपूर्ण उद्योग समूह लूलू ने मुख्यमंत्री से बात करने में रुचि दिखाई है। बैठक शुक्रवार को होने वाली है। लूलू ग्रुप के प्रमुख यूसुफ अली मुसलियाम वेट्टिल अब्दुल क्वाडर केरल के त्रिशूर के मूल निवासी हैं। उनके चाचा एमके अब्दुल्ला इस कंपनी के संस्थापक हैं। संगठन का मुख्य केंद्र अबू धाबी है। लूलू पिछले कुछ वर्षों से निर्यात कारोबार कर रहा है। उनका होटल और रियल एस्टेट व्यवसाय भी है। केरल के अलावा लूलू ग्रुप का भारत के कई राज्यों में निवेश है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ का सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल उनके द्वारा बनाया गया है।

# प्रधानमंत्री 24 को करेंगे पटना-हावड़ा वंदे भारत का उद्घाटन

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 सितम्बर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पटना-हावड़ा के बीच चलने वाली अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इसकी तैयारी प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन देश में रेल यात्रा के उच्च स्तर को स्थापित करने और ट्रेनों की गति को बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को साकार करने के लिए



भारतीय रेलवे ने नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर पूर्णतः स्वदेशी सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का निर्माण किया है। आकर्षक एरोडाइनमिक डिजायन, बेहतरीन आंतरिक साज-सज्जा, अत्याधुनिक सुविधाएं, आरामदायक यात्रा, सुरक्षा प्रबंधन और संरक्षित सफर के मापदंडों के साथ वंदे भारत लोकप्रिय ट्रेन साबित हुई है। वंदे भारत ट्रेन की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा की है तथा टक्कररोधी कवच प्रणाली से सुसज्जित है। उत्कृष्ट परिचालन क्षमता के तहत वंदे भारत ट्रेन दोनों दिशाओं में संचालित की जा सकती है, इसमें इंजन रिवर्सल की आवश्यकता नहीं होती है।

अद्भूत

## सीएम शिवराज ने किया आदिगुरु शंकराचार्य की 108 फीट की प्रतिमा का अनावरण

# अद्वैत वेदांत संस्थान की भी हो रही है स्थापना

**एजेंसी। खंडवा**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को स्वामी अवधेशानंद गिरी समेत अन्य साधु-संतों की मौजूदगी में ओंकारेश्वर में ओंकार पर्वत पर आदिगुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री चौहान संतों के साथ अस्थायी एलिवेटर से 75 फीट ऊपर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने प्रतिमा की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उसका अनावरण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री चौहान ने अद्वैत लोक के लिए भूमिपूजन कर इसकी आधारशिला रखी।
इससे पहले मुख्यमंत्री चौहान ने ओंकारेश्वर पहुंचकर यहां एक सप्ताह से चल रहे 21 कुंडीय हवन में आहुति दी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि आदि गुरु शंकर के दिव्य और पुण्य विचारों के अनुपम प्रकाश से मानवता का कल्याण होगा। आज का यह शुभ दिवस और भी विशिष्ट बन गया है। एकात्म के ओजस्वी प्रकाश से





मानवता का युगों-युगों तक कल्याण होता रहे और मध्य प्रदेश की अलौकिक भूमि सर्वदा उर्वर एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित रहे, यही आचार्य शंकर के श्री चरणों में प्रार्थना करता हूँ। उन्होंने ट्वीट के माध्यम से कहा कि संकल्प पूरा, सपना साकार! अद्वैत वेदांत का प्रतिपादन करने वाले आदि शंकराचार्य जी की ज्ञानभूमि ओंकारेश्वर में 108 फीट ऊंची 'एकात्मता की मूर्ति' का अनावरण एवं 'अद्वैत लोक' का शिलान्यास अद्भुत, अलौकिक है। भावी पीढ़ियां इस अपूर्व स्मारक का दर्शन कर युग-युगांतर तक शंकराचार्य जी के महान अवदान से परिचित होती रहेंगी। एकात्म धाम प्रकल्प पूरे राष्ट्र को चैतन्य की सार्वभौमिक एकात्मता से आलोकित करेगा।
गौरतलब है कि ओंकार पर्वत (मांधाता पर्वत भी) की 11.5 हेक्टेयर जमीन पर अद्वैत लोक आकार ले रहा है। इसी के मध्य में आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां अद्वैत लोक (शंकर संग्रहालय) और आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना भी की जा रही है। 108 फीट ऊंची यह प्रतिमा एकात्मकता का प्रतीक है। इसे 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का नाम दिया गया है। आदि शंकराचार्य की ये प्रतिमा 12 साल के आचार्य शंकर की झलक है। इसी उम्र में वे ओंकारेश्वर से वेदांत के प्रचार के लिए निकले थे। प्रतिमा 100 टन वजनी है और 75 फीट ऊंचे प्लेटफॉर्म पर स्थापित है। यह प्रतिमा 88 फीसदी कॉपर, चार फीसदी जिंक और आठ फीसदी टिन को मिलाकर बनाई गई है। इसके 290 पैनल निर्माण कंपनी एलएंडटी ने जेटीक्यू चाइना से तैयार कराए हैं। सभी 290 हिस्सों को ओंकारेश्वर में लाकर जोड़ा गया है।

## केसरिया के सुमौती नदी में डूबने से 10 वीं की छात्रा की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले में केसरिया थाना क्षेत्र के सुमौती नदी में घोंघा चुनने के दौरान 10 वीं की छात्रा डूबने से मौत हो गई। जिसकी पहचान केसरिया थाना क्षेत्र के दरमाहा पंचायत रामगढ़वा वार्ड नंबर-1 के वार्ड सदस्य विनय ठाकुर की 15 वर्षीय पुत्री पलक कुमारी के रूप में की गई है।
पुलिस के मुताबिक पलक बुधवार की शाम घोंघा चुनने सुनौती नदी में गई थी, जहां से वो देर शाम तक घर नहीं आई। जिससे बाद उसके परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। गुरुवार उसकी तलाश फिर शुरू की गई। इसी दौरान सुमौती नदी के किनारे उसका शव देखा गया। जिसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे केसरिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।केसरिया सीओ विजय कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### इसरो के लिए लॉन्चपैड बनाने वाले को 18 महीनों से नहीं मिली सैलरी

# अब इडली बेचकर गुजार रहा जिंदगी





**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल ही में देश ने इतिहास रचा है। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरकर भारत को ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना दिया है। लेकिन चंद्रयान-3 से पहले इसरो के लॉन्चपैड निर्माण में शामिल रहे एक टेक्नीशियन अब कथित तौर पर चाय और इडली बेच रहे हैं। इन टेक्नीशियन का नाम दीपक कुमार उपरारिया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, उपरारिया हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, रांची में काम करते हैं। उन्हें आर्थिक तंगी के चलते चाय और इडली बेचने पर मजबूर होना पड़ा है। एचईसी एक सीपीएस व कंपनी है, जिसने इसरो के लिए कई महत्वपूर्ण काम किये थे। ऐसा कहा जा रहा है कि कंपनी ने अपने कर्मचारियों को 18 महीने से सैलरी नहीं दी है। रिपोर्ट के अनुसार उपरारिया ने पहले तो क्रेडिट कार्ड के जरिए अपने घर खर्च को मैनेज करने की कोशिश की। भारी कर्ज में डूबने के बाद उन्होंने रिश्तेदारों से पैसे लेना शुरू किया। इसके बाद उन्हें घर चलाने के लिए अपनी पत्नी के जेवर गिरवी रखने पड़े। बीबीसी ने उपरारिया के हवाले से कहा, 'पहले मैंने अपने खर्चे क्रेडिट कार्ड से मैनेज करने शुरू किये। इस पर मुझे 2 लाख का कर्ज हो गया और मुझे डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया। इसके बाद, मैंने रिश्तेदारों से पैसे उधार लेकर अपना घर चलाना शुरू किया। अब मुझ पर 4 लाख रुपये से अधिक का कर्ज है।' उन्होंने आगे कहा, 'जब मुझे लगा कि मैं भूख से मर जाऊंगा, तो मैंने एक इडली की दुकान खोल ली। मेरी पत्नी अच्छी इडली बनाती है। अब में हर दिन 300-400 रुपये की इडली बेच रहा हूं। जिससे मुझे कभी 50 तो कभी 100 रुपये की कमाई होती है। दीपक उपरारिया मध्यप्रदेश में हरदा जिले के रहने वाले हैं। दीपक ने साल 2012 में एक प्राइवेट कंपनी की 25,000 रुपये की नौकरी छोड़कर एचईसी में 8,000 रुपये की सैलरी पर जॉइन किया था। सरकारी कंपनी में अच्छा भविष्य की बात सोचकर उन्होंने एचईसी जॉइन की थी। वे कहते हैं, 'मेरी दो बेटियां हैं। वे स्कूल जाती हैं। मैं इस साल में अभी तक भी उनकी फीस नहीं दे पाया हूं। स्कूल की तरफ से हर दिन नोटिस आता है। क्लास में टीचर कहते हैं कि एचईसी वाले पैरेंट्स के बच्चे कौन हैं, खड़े हो जाएं। बीबीसी के मुताबिक दीपक उपरारिया अकेले नहीं हैं, कई एचईसी कर्मचारी अपना घर चलाने के लिए छोटा-मोटा काम कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एचईसी के एक दूसरे कर्मचारी मधुर कुमार मोमोज बेच रहे हैं। प्रसन्ना भोई चाय बेच रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2800 एचईसी कर्मचारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

# अमेजन बिजनेस ग्राहकों को सशक्त बनाने की मना रहा 6वीं वर्षगांठ




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अमेजन बिजनेस भारत में बिजनेस ग्राहकों को सशक्त बनाने की 6वीं वर्षगांठ मना रहा है। छह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, अमेजन बिजनेस ने पात्र व्यावसायिक ग्राहकों को वर्चुअल क्रेडिट प्रदान करने के लिए अमेजन पे लेटर के साथ अपने एकीकरण की भी घोषणा की है। बजट 2023-24 के दौरान भारत सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को पुनर्जीवित करने का लक्ष्य तय किया है। अमेजन पे लेटर के साथ, बिजनेस ग्राहक डिजिटल रूप से साइन अप करने और इंस्टेंट क्रेडिट तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम होंगे। इसकी मदद से वे विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों पर निर्बाध खरीदारी भी कर सकेंगे। निर्बाध भुगतान अनुभव के अलावा, वे इस क्रेडिट का उपयोग अमेजन.इन पर बिल भुगतान करने, अमेजन पे कॉर्पोरेट गिफ्ट कार्ड खरीदने, यात्रा, बीमा आदि का भुगतान आदि करने के लिए भी कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को अपने व्यवसायों के लिए दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कॉर्पोरेट गिफ्ट जैसे उत्पादों की थोक खरीद के लिए अपने मासिक बजट को बढ़ाने में मदद करना है। ग्राहक इस उपयोग किए गए क्रेडिट को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अगले महीने सफलतापूर्वक चुका सकते हैं। इसके अलावा वे बिना किसी छिपे शुल्क के मामूली ब्याज दरों पर 12 महीने तक आसान ईएमआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। अमेजन बिजनेस ने देश के व्यवसायों की ऑनलाइन खरीद और बिक्री के तरीके को बदलने का लक्ष्य रखा था। अपने इसी लक्ष्य को पूरा करते हुए आज अमेजन बिजनेस 10 लाख से अधिक विक्रेताओं की ओर से 19 करोड़ से अधिक जीएसटी सक्षम उत्पादों की पेशकश के साथ, देश भर के 99.5% पिन कोड पर डिलीवरी की सुविधा प्रदान कर रहा है।

# फेड के फैसले के बाद टूट गया सोना, चांदी में बड़ी गिरावट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोने-चांदी की कीमतें गुरुवार को गिरावट के साथ ट्रेड करती दिखी हैं। बुधवार को यूएस फेड की बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया था। इसके बावजूद गुरुवार को सोने में बिकवाली देखने को मिल रही है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर गुरुवार दोपहर 5 दिसंबर 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.57 फीसदी या 340 रुपये की गिरावट के साथ 59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं, 5 अक्टूबर 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.50 फीसदी या 298 रुपये की गिरावट के साथ 59,107 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। उधर विदेशी बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। गुरुवार दोपहर चांदी की कीमतें भारी गिरावट के साथ ट्रेड करती दिखीं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 दिसंबर 2023 की डिलीवरी वाली चांदी गुरुवार दोपहर 0.96 फीसदी या 700 रुपये की गिरावट के साथ 72,530 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। गुरुवार दोपहर सोने की वैश्विक कीमतों में गिरावट देखने को मिली। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.85 फीसदी या 16.80 डॉलर की गिरावट के साथ 1950.30 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.09 फीसदी या 1.75 डॉलर की गिरावट के साथ 1928.55 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। सोने के साथ ही चांदी के वैश्विक भाव में भी गुरुवार दोपहर गिरावट देखने को मिली। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 1.30 फीसदी या 0.31 डॉलर की गिरावट के साथ 23.53 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

## बायजू के भारतीय परिचालन के सीईओ मृणाल मोहित ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक भागीदार और भारतीय परिचालन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मृणाल मोहित ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बायजू के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामलों के सीईओ अर्जुन मोहन भारतीय परिचालन की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेंगे। बयान के अनुसार, ह्यह्यअर्जुन मोहन भारतीय परिचालन के सीईओ के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। वह बायजू के संस्थापक भागीदार और भारतीय कारोबार के निवर्तमान प्रमुख मृणाल मोहित का स्थान लेंगे। मोहित व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये एक नई शुरूआत कर रहे हैं। मोहन बायजू की संस्थापक टीम का हिस्सा थे और अपने पिछले कार्यकाल में मुख्य व्यवसाय अधिकारी थे।

# आडाणी की हरित ऊर्जा परियोजना में 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी जापान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांस की टोटल एनर्जीज एसई अडानी ग्रुप के साथ नवीकरणीय ऊर्जा योजना के लिए एक नए ज्वाइंट वेंचर में 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। भारतीय ग्रुप ने शेयर बाजारों को इस बारे में जानकारी दी। अडानी ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लि. ने कहा, टोटल सीधे खुद या अपनी सहयोगी इकाइयों के जरिए एजीईएल के साथ 50:50 अनुपात वाली संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन के लिए 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। नई संयुक्त उद्यम कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी ट्वंटी थ्री लि. के पास 1,050 मेगावाट (टहअउ) है। इसमें पहले से परिचालन में आ चुका 300 मेगावाट शामिल है। इसके अलावा 500 मेगावाट निर्माण के चरण में है। 250 मेगावाट विकास के चरण में है। पोर्टफोलियो में सौर और पवन ऊर्जा दोनों शामिल हैं। इस साल की शुरूआत में आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद यह अडानी ग्रुप की कंपनियों में निवेश की बड़ी डील है। आपको बता दें हिंडनबर्ग की तरफ से अडानी ग्रुप पर आरोप लगाया गया था कि उसने लिस्टेड कंपनियों के स्टॉक में हेरफेर किया है। इसके बाद अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर में बड़ी गिरावट देखी गई थी। इसका असर यह हुआ कि शेयर 52 हफ्ते के निचले लेवल पर पहुंच गए। हालांकि इन सभी आरोपों से अडानी ग्रुप ने इनकार किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की गई थी। इस समिति ने जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की तरफ से लगाए गए आरोपों से क्लीन चिट दे दी है।

## विदेश

### भारत को रोशन करेगा दोस्त नेपाल

# पीएम प्रचंड के चीन दौरे से पहले बड़ा ऐलान, ड्रैगन को बड़ा झटका




**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड 23 सितंबर को चीन की आधिकारिक यात्रा जा रहे हैं। प्रचंड 7 दिनों तक चीन में रहेंगे और इस दौरान उनका चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से लेकर कई शीर्ष नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। प्रचंड के साथ उनकी बेटी गंगा और विदेश मंत्री एनपी सौद समेत कई बड़े मंत्री भी चीन जा रहे हैं। प्रचंड की इस चीन यात्रा से ठीक पहले भारत और नेपाल के बीच बिजली को लेकर बड़ा समझौता हुआ है। भारत और नेपाल के अधिकारी दोनों देशों के बीच बिजली के व्यापार को बढ़ाने पर सहमत हुए हैं और इसके लिए कई ट्रांसमिशन कॉरिडोर खोला जाएगा। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त तकनीकी कमिटी की 14वीं बैठक में धालकेबार-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के जरिए बिजली के व्यापार को बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसके अलावा निमार्णाधीन सीमापार बिजली की लाइनों के काम में तेजी लाने पर सहमति बनी है ताकि बिजली के व्यापार को तेज किया जा सके। समझौते के मुताबिक धालकेबार-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के जरिए 800 मेगावाट को बढ़ाकर 1000 मेगावाट तक करने पर सहमति बनी है। दोनों देश नौतरवा-मैनैया लाइन को अक्टूबर तक पूरा करने पर सहमत हुए हैं। इसका इस्?तेमाल बिजली के आयात और निर्यात करने के लिए किया जा सकता है। भारत के साथ इस ताजा समझौते के जरिए नेपाल की कोशिश है कि बिजली के निर्यात को बढ़ाया जा सके। भारत सरकार ने नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की नई दिल्?ली यात्रा के दौरान वादा किया था कि उनका देश अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली नेपाल से खरीदेगा। वहीं खराब सीमापार ट्रांसमिशन लाइन की वजह से इसमें बाधा आ रही है।

## पुतिन अक्टूबर में करेंगे चीन की यात्रा स्वीकार किया निमंत्रण

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने अक्टूबर में होने वाले बेल्ट एंड रोड सम्मेलन के दौरान चीन की यात्रा के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ओर से भेजे गए निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। पुतिन ने मॉस्को में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के बाद कहा कि रूस और चीन ₹एक बड़े यूरेशियन क्षेत्र के निर्माण के हमारे विचारों को एकीकृत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन की बेल्ट एंड रोड पहल उसी का एक हिस्सा है। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस का चीन की ओर झुकाव बढ़ा है। रूस ने चीन को ऊर्जा आपूर्ति बढ़ा दी है और दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। चीन ने यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ रुख अपनाया है और उसने रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की भी निंदा की है।

## दुकान से 332 रुपए में खरीदी पेंटिंग 1.58 करोड़ में हुई नीलाम

**लंदन।** पेंटिंग, विचारों और भावनाओं की जरिये हमारी कल्पना को व्यक्त करती है। पेंटिंग्स हमारी कल्पना को एक नया रूप देती है। इन्हीं पेटिंग्स को लेकर एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, इंग्लैंड के न्यू हैम्पशायर की एक महिला ने घर में बेकार पड़ी एक पुरानी पेंटिंग की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर दी। इसके बाद उसे जब उस पेंटिंग के बारे में सच्चाई पता चली तो उसके होश उड़ गए। महिला को मालूम हुआ कि जिस पेंटिंग को वह मामूली समझ रही थी उसकी कीमत करोड़ों में है। आपको भी यह जान कर अचंभा लगेगा कि जिस पेंटिंग को न्यू हैम्पशायर थ्रिफ्ट स्टोर से केवल 4 डॉलर (332 रुपये) में खरीदी गई उसकी वास्तव में कीमत 191,000 डॉलर (1.58 करोड़ रुपये ) है जो अब नीलाम हुई। दरअसल, एक्सपर्ट के अनुसार, मशहूर आर्टिस्ट एन.सी. वायथ की लंबे समय से यह पेंटिंग खोई हुई थी। ये एक मास्टरपीस थी। रमोना नामक पेंटिंग, पेंसिल्वेनिया स्थित कलाकार द्वारा हेलेन हंट जैक्सन की 1884 की पुस्तक रमोना के 1939 संस्करण के लिए बनाई गई चार पेंटिंग में से एक थी। पेंटिंग में एक अनाथ युवा महिला को दिखाया गया हैं, जो अपनी सौतेली मां के साथ संघर्ष करती हुई दिखाई गई। ऑक्शन हाउस बोनहम्स स्किनर ने कहा कि विशेषज्ञों ने इस पेंटिंग को खोया हुआ मान लिया था।

## पेज एक के शेष

### ईडी के समन के ...

नौकरशाहों के एक समूह ने मिलकर 1932 के फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। ईडी ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

### चंद्रयान-3 के ....

लैंडर पर चार और रोवर पर दो सेंसर हैं, और उनमें से कुछ काम कर सकते हैं। इस वजह से हमारा प्रयोग आगे बढ़ेगा। हमें और अधिक प्रयोगात्मक डेटा मिल सकेंगे। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का लैंडर 'विक्रम' 23 अगस्त की शाम 6 बजे चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था।

### झारखंड में अगले ...

920.8 मिमी से 33 फीसदी कम है। रांची में सामान्य वर्षापात के मुकाबले अबतक 626.7 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 33 फीसदी कम है।

### तीन राज्यों में...

को बताया गया है कि बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्षा के बारे में मंतव्य आ गया है। इनमें से तीन राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की ओर से बताया गया है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज कक्ष है। कोर्ट ने मामले में 14 दिसंबर को कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश विधानसभा को दिया है। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों में से सात विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है, जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में अपनी रिपोर्ट देगी।

### सीआईडी ने ...

रात ही गिरफ्तार कर लिया था। अशोक और नीरज से पूछताछ के बाद ही काजिम के बारे में साइबर क्राइम ब्रांच जानकारी मिली जिसके बाद एक्सिड के निर्देश पर साइबर क्राइम ब्रांच की एक स्पेशल टीम हवाई जहाज से चेन्नई पहुंची और काजिम को धर दबोचा। आरबीएल बैंक के अधिकारी पंकज भगत की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बोकारो स्टील सिटी निवासी नीरज कुमार पांडेय ने क्रेडिट कार्ड के लिए बैंक में आवेदन दिया था। शुरूआत में एक लाख रुपए लिमिट निर्धारित कर बैंक ने नीरज को क्रेडिट कार्ड मुहैया कराया। क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने के बाद नीरज के खाते में विदेशी बैंक से रकम आने लगे।यह देखकर बैंक ने उनके क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ा 1.10 करोड़ रुपए कर दिया था। बैंक की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड का लिमिट 1.10 करोड़ होते ही नीरज ने निर्धारित समय से पहले ही राशि खर्च कर दी। जब बैंक ने खाते की जांच की तो पता चला कि नीरज के खाते में विदेशों से आयी राशि भी वापस हो गई। बैंक को यह भी पता चला कि विदेश के दर्जनों खाते से नीरज के खाते में राशि भेजी गई थी।

### आधार नंबर को ...

आधार संख्या की जानकारी का पत्र) में संशोधन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इसमें कहा गया है कि मौजूदा फॉर्म मतदाता को आधार प्रदान करने के लिए मजबूर करते हैं, हालांकि चुनाव आयोग का दावा है कि आधार विवरण जमा करना स्वैच्छिक है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग अपने अधिकारियों पर मतदाताओं की आधार संख्या एकत्र करने के लिए जोर दे रहा है और राज्य अधिकारी गांव और बूथ स्तर के अधिकारियों पर मतदाताओं से आधार संख्या एकत्र करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसमें दावा किया गया कि जमीनी स्तर के अधिकारी मतदाताओं को अपने आधार नंबर जमा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं और मतदाताओं को धमकी दे रहे हैं कि यदि आधार कार्ड नंबर प्रदान नहीं किया गया तो मतदाता वोट खो देंगे।

### महिला आरक्षण ...

और वायनाड को आरक्षित कर दूं तो? अगर मैं अमेठी को आरक्षित कर दूं तो? अगर मैं रायबरेली को कर दूं तो? कलबुर्गी को कर दूं तो।" उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट पर गांधी परिवार का लंबे समय से दबदबा रहा है। वायनाड से अभी राहुल गांधी सांसद हैं। इससे पहले वह अमेठी का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद हैं। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने वर्ष 2029 में प्रस्तावित कानून के लागू होने के नड्डा के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार चाहे तो इसे अभी लागू कर सकती है। उन्होंने हवाला दिया कि पंचायत कानून और जिला पंचायत कानून के तहत जब आरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है तो इस मामले में क्यों नहीं। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया, कल करे सो आज कर और आज करे सो अब।"

### शक्तिशाली | सूर्य से नासा के स्पेसक्राफ्ट की सीधी टक्कर

# खतरनाक प्लाज्मा के बीच फंसा पार्कर सोलर प्रोब




**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के मुताबिक पार्कर सोलर प्रोब ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए सौर वायुमंडल में प्रवेश किया। इस दौरान वह एक शक्तिशाली कोरोनल मास इजेक्शन में फंस गया। उसने इस प्रभाव का वीडियो भी कैप्चर किया है। पार्कर सोलर प्रोब 5 सितंबर 2022 को जब सूर्य के करीब से गुजरा था, तो उसने इस घटना को देखा। इसका एक वीडियो भी नासा ने जारी किया, जिसमें दिख रहा है कि सूर्य से निकले सीएमई से बचकर वह निकला है। नासा के मुताबिक इस दौरान प्रोब बच गया। वह अब तक के सबसे शक्तिशाली सीएमई के करीब से गुजरा है। यह इंजीनियरिंग की एक प्रभावशाली उपलब्धि तो दिखाता ही है। इसके साथ ही यह वैज्ञानिक समुदाय के लिए बड़ा वरदान है। अपने सौर चक्र के दौरान सूर्य में गतिविधियां बढ़ जाती हैं। इसे सोलर मैक्सिमम कहते हैं। इस दौरान सूर्य पर चुंबकीय क्षेत्र अपने सबसे निचले स्तर पर होता है, जो पृथ्वी के लिए अच्छा नहीं हैं। क्योंकि चुंबकीय क्षेत्र एक ढाल की तरह काम करता है, जो सोलर रेडिएशन, सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन को रोकता है। नासा के मुताबिक सनस्पॉट वह क्षेत्र हैं, जो सूर्य की सतह पर काले दिखाई देते हैं। ये काले इसलिए होते हैं, क्योंकि यह सतह के अन्य हिस्सों की तुलना में ठंडे होते हैं। इन धब्बों से सोलर फ्लेयर निकलते हैं। अंतरिक्ष में इनसे ढेर सारा प्लाज्मा निकलता है। अगर यह धरती से सीधे टकरा जाएं, तो यह हमारे रेडियो सिग्नल में समस्या पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा सूर्य से सौर तूफान निकलते हैं, जो अंतरिक्ष से यात्रा करके पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराती हैं। इनके टकराने पर सैटेलाइ, जीपीएस और पावर ग्रिड तक फेल हो सकते हैं। पार्कर सोलर प्रोब को 2018 में लॉन्च किया गया था। स्पेसक्राफ्ट का लक्ष्य डिटेल में सूर्य की स्टडी करना है। यह अब तक सूर्य के सबसे करीब जाने वाला अंतरिक्ष यान है। 28 अप्रैल 2021 को यह आठवीं बार सूर्य के करीब गया। इस दौरान यह सूर्य के बाहरी वायुमंडल कोरोना में भी चला गया। यह स्पेसक्राफ्ट 7 वर्षों में सूर्य की 24 परिक्रमा पूरी करेगा। यह स्पेसक्राफ्ट इंसानों की बनाई अब तक सबसे तेज वस्तु है, जो 6 लाख 92 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में सफर करती है। यह सूर्य के करीब जाकर भी क्यों नहीं पिघलता, इस बारे में यहां क्लिक करके पढ़ सकते हैं।

